

दैनिक

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-14, अंक -69 जबलपुर, शनिवार 12 अप्रैल 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव

### गरीबों की सेवा ही परमार्थ है, यही सच्ची मानव सेवा है -मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## निष्काम सेवा ही दुनिया की सबसे बड़ी सेवा है, आनंदपुर धाम इसे निष्ठा के साथ आगे बढ़ा रहा- प्रधानमंत्री मोदी

भोपाल -(आरएनएस)। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सेवा ऐसी गंगा है, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति डुबकी लगाए तो उसका जीवन सार्थक हो सकता है। आज आनंदपुर धाम आकर मन अभिभूत है, जिस भूमि का कण-कण संतों की तपस्या से सींचा गया है, जहां सेवा के संकल्प मानवता का पथ प्रशस्त करते हों, वो धरती साधारण नहीं है। उन्होंने कहा कि यहां मंदिर में दर्शन किए और सेवा कार्यों की जानकारी ली तो हृदय आनंदित हो गया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, पर्यावरण संरक्षण क्षेत्र में श्री आनंदपुर ट्रस्ट के प्रयास सराहनीय और अनुकरणीय है। केन्द्र सरकार भी सेवा की भावना को केन्द्र में रखकर निर्धन वर्ग के लिए निःशुल्क अनाज, पेयजल, आवास और स्वास्थ्य से जुड़ी जनकल्याण की योजनाओं का संचालन कर रही है। देश में नए-नए एम्स, आईआईटी, आईआईएम संस्थान प्रारंभ किए जा रहे हैं। हमारा पर्यावरण संरक्षित हो, इसके लिए एक पेड़ मां के नाम अभियान जारी है। गरीब और वंचित व्यक्तियों के उत्थान के लिए सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास-सबका प्रयास का मंत्र सरकार की नीति और निष्ठा है। सेवा की भावना हमारे व्यक्तित्व को निखारती है और व्यक्ति को बड़े उद्देश्यों से जोड़ती है। प्रधानमंत्री श्री मोदी शुक्रवार को अशोकनगर के आनंदपुर धाम में वार्षिक वैशाखी मेले और संस्था के गुरू महाराज के अवतरण दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।



कार्यक्रम में राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, वरिष्ठ सांसद श्री वी.डी. शर्मा, सांसद श्री जनार्दन सिंह सिग्रीवाल सहित बड़ी संख्या में आनंदपुर धाम के अनुयायी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आश्रम के गुरू महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आनंदपुर धाम मंदिर परिसर का भ्रमण किया और गुरुजी महाराज मंदिर में दर्शन और पूजा-अर्चना की। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आनंद सरोवर की आरती उतारी और पुष्प अर्पित किए। आनंदपुर में हर वर्ष तीन दिवसीय वैशाखी मेला लगता है। इस वर्ष भारत के विभिन्न राज्यों से लगभग 20 हजार लोग आनंदपुर पहुंचे हैं।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि अशोकनगर के आनंदपुर क्षेत्र का विकास हमारा दायित्व है। इस क्षेत्र में कला, संस्कृति अर्थात् विरासत से विकास की अपार संभावनाएं हैं। इस क्षेत्र में चंदेरी साड़ी को जीआई टैग प्राप्त हुआ है। प्राणपुर में हैंण्डलूम विलेज प्रारंभ किया गया है। मध्यप्रदेश में विरासत के संरक्षण के साथ विकास के प्रयास हो रहे हैं। मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सिंहस्थ = 2028 की तैयारियां भी प्रारंभ करवा चुके हैं। प्रदेश की सरकार और नागरिक विकास में जुट गए हैं।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि इस धरती पर परमार्थ और सेवा के संकल्प जारी हैं, ये धरती सामान्य नहीं है। अशोकनगर की धरती पर शोक भी आने से डरता है। गुरु महाराज जी के अवतरण दिवस पर यहां आने का सुअवसर मिला है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने स्वामी अद्वैत जी महाराज एवं संस्थान की सभी पादशाही महाराज को प्रणाम करते हुए द्वितीय और तृतीय पादशाही के समाधि दिवस पर उनके चरणों में श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मां विजयासन और अशोकनगर जिले के श्रद्धा स्थल करीला धाम की मां जानकी देवी को भी प्रणाम किया।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि भारत भूमि-ऋषियों की रही है। समाज जब किसी मुश्किल दौर से गुजरता है तो कोई ऋषि अवश्य अवतरित होता है। आदि शंकराचार्य ने अद्वैत से हम सबका परिचय करवाया। उस कालखंड में ऐसे ऋषि-मुनि आए जिन्होंने अद्वैत का विचार रखकर समाज को जागृत करने का कार्य किया। इसी परम्परा में परमहंस अद्वैत जी महाराज ने भी इस विचार एवं ज्ञान को सरल बनाया और जन सामान्य के बीच पहुंचाने का बीड़ा उठाया। आज भौतिक उन्नति के बीच दुनिया के देशों में युद्ध और संघर्ष सहित कई चिंताएं विद्यमान हैं, जो मानव को मानव से दूर करती हैं। इनका समाधान अद्वैत के विचार में मिलेगा। अद्वैत यानी जहां कोई द्वैत नहीं है। अपने और पराये की मानसिकता का त्याग करते हुए जीव मात्र में एक ही ईश्वर को देखने का विचार इस दर्शन में शामिल है। संपूर्ण सृष्टि को ईश्वर के रूप में देखना ही अद्वैत है। परमहंस दयाल जी महाराज कहते थे कि जो तू है, सो मैं हूं... यह विचार मेरे और तुम्हारे का भेद खत्म कर देता है।

## भारत का धर्मनिरपेक्ष ढांचा खतरे में, नीतीश और नायडू को सबक सिखाना जरूरी

### वक्फ एक्ट के खिलाफ लखनऊ में प्रदर्शन




लखनऊ (आरएनएस)। लखनऊ में शुक्रवार की नमाज के बाद आसिफी मस्जिद में शिया धर्मगुरु मौलाना सैयद कल्बे जवाद के नेतृत्व में वक्फ संशोधन अधिनियम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। उन्होंने सऊदी अरब के मदीना में जन्नतुल बकी के पवित्र कब्रिस्तान को ध्वस्त करने का भी विरोध किया और मांग की कि इसे फिर से बनाया जाए। शिया धर्मगुरु मौलाना सैयद कल्बे जवाद ने कहा कि नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू के चेहरे से नकाब उतर गया है। वे नकली धर्मनिरपेक्षतावादी हैं। वे सभी आरएसएस में शामिल हो गए हैं। उन्हें सबक सिखाना जरूरी है।

मौलाना सैयद कल्बे जवाद ने आगे कहा कि भारत का धर्मनिरपेक्ष ढांचा खतरे में है। धर्मनिरपेक्ष लोगों, जिसमें मुस्लिम और गैर-मुस्लिम दोनों शामिल हैं, को इसके खिलाफ उठ खड़ा होना होगा। अभी मुसलमान निशाने पर हैं लेकिन दूसरा निशाना दलित हैं। दूसरी ओर वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 के पारित होने के खिलाफ श्रीनगर में शुक्रवार को पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के विरोध मार्च को पुलिस ने रोक दिया, पार्टी कार्यालय पर अवरोधक लगा दिए गए

### पीथमपुर सेक्टर-3 में प्लास्टिक पाइप की फैक्ट्री में लगी भीषण आग

महू-पीथमपुर। औद्योगिक क्षेत्र पीथमपुर सेक्टर-3 में गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात को प्लास्टिक के पाइप बनाने वाली फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। यह आग सुबह तक लगी रही। कई किलोमीटर दूर से ही काला धुआं नजर आ रहा है। अब तक 12 फायर ब्रिगेड पहुंच चुकी है पर आग पर काबू नहीं पाया जा सका। पीथमपुर की सिग्नेट कंपनी में गुरुवार-शुक्रवार दरमियानी रात करीब 2 बजे आग लग गई।

### हर कदम पर बहुजन इतिहास मिटाना चाहते हैं भाजपा व आरएसएस - राहुल

नई दिल्ली-(आरएनएस)। महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्री बाई फुले के जीवन पर आधारित फिल्म 'फुले' इन दिनों सुर्खियों में है। फिल्म में अभिनेता प्रतीक गांधी ने महात्मा फुले की और अभिनेत्री पत्रलेखा ने सावित्रीबाई फुले की भूमिका निभायी है।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक फिल्म से जुड़े विवाद का हवाला देते हुए शुक्रवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)



और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) हर कदम पर दलित और बहुजन इतिहास को मिटाना चाहते हैं।

महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्री बाई फुले के जीवन पर आधारित फिल्म 'फुले' इन दिनों सुर्खियों में है।

### दूरंतो एक्सप्रेस में सतना से शुरू हुआ विवाद, प्रयागराज जंक्शन पर मारपीट में बदला ट्रेन मैनेजरों ने टीटीई को पीटा



प्रयागराज/सतना. (आरएनएस)। पश्चिम मध्य रेलवे के सतना स्टेशन पर दूरंतो एक्सप्रेस में टीटीई व ट्रेन मैनेजर के बीच हुआ विवाद ट्रेन के प्रयागराज जंक्शन स्टेशन पहुंचने पर जमकर संघर्ष में बदल गया, जहां ट्रेन मैनेजर के समर्थन में अन्य ट्रेन मैनेजर्स बड़ी संख्या में जमा हो गये और टीटीई को जमकर पीटा, इस दौरान आरपीएफ मूकदर्शक बनी रही. मामले को रेल प्रशासन ने गंभीरता से लिया है.

बताया जा रहा है कि प्रयागराज आ रही मुंबई दुरंतो एक्सप्रेस में टीटीई एमके पोद्दार की ड्यूटी सतना से प्रयागराज के लिए लगी थी. आरोप है कि टीटीई ने प्रयागराज दुरंतो एक्सप्रेस में टिकट चेकिंग के दौरान गार्ड कोच में भी जांच की.

इस दौरान ट्रेन मैनेजर जगदीश प्रसाद ने इसका विरोध किया. वहीं से उनका विवाद बढ़ गया. झगड़े के बाद ट्रेन मैनेजर ने फोन पर इसकी सूचना प्रयागराज जंक्शन पर अपने कुछ साथियों को दी. दोपहर 12.50 बजे के आसपास जैसे ही दुरंतो प्रयागराज जंक्शन पर पहुंची तो टीटीई को प्लेटफॉर्म पर उसके साथियों ने घेर लिया और थप्पड़ बरसाने शुरू कर दिए.

**आरपीएफ के सामने की टीटीई की पिटाई**

खास बात यह रही जिस समय टीटीई की पिटाई हो रही थी, वहां मौके पर आरपीएफ भी मौजूद रही. कुछ ही देर में मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया. हालांकि बाद में आरपीएफ ने किसी तरह टीटीई को बचाया और थाने ले जाकर मेडिकल जांच कराई.

सीसीटीवी फुटेज और वायरल वीडियो से होगी आरोपियों की पहचान

टीटीई की ओर से घटना की शिकायत दर्ज कराई गई है, लेकिन देर शाम तक किसी कर्मचारी पर कोई कार्रवाई नहीं की गई. इस बारे में सीनियर डीसीएम हिमांशु शुक्ला का कहना है कि यह मामला गंभीर है. सीसीटीवी फुटेज और वायरल वीडियो की मदद से आरोपी कर्मचारियों की पहचान की जाएगी. डीओएम को जांच का निर्देश दिया गया है.

### राजगढ़ में नाबालिगों की सगाई में पहुंचे भाजपा जिलाध्यक्ष, बोले- बाद में शादी में दिक्कत आती है



राजगढ़ (आरएनएस)। राजगढ़ जिले के खिलचीपुर ब्लाक में नाबालिग बच्चों की सगाई का मामला सामने आया है। इस बाल सगाई में शामिल होने के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बालिका को लिफाफा देकर आशीर्वाद दिया। गुरुवार को भाजपा जिलाध्यक्ष का बालिका को सगाई के दौरान आशीर्वाद व लिफाफा देते फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। गुर्जर खिलचीपुर ब्लाक के एक गांव में एक सगाई के कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे।

### ज्योतिरादित्य सिंधिया का वीडियो हो रहा वायरल

## गुटखा मत खाओ बहन, मैंने तुम्हें पकड़ लिया...

शिवपुरी।(आरएनएस)। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने एक महिला को गुटखा खाते हुए पकड़ लिया। वे महिला से कह रहे हैं कि गुटखा खाना सेहत के लिए खराब है।



इसके बाद वे उसके बैग से गुटखा निकलवाते हैं और उसे फिंकवा देते हैं। सिंधिया महिला से यह वादा भी लेते हैं कि आज के बाद वो इसे नहीं खाएगी। सोशल मीडिया पर सिंधिया के इस कदम की तारीफ हो रही है।

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले के खनियाधाना में एक हितग्राही सम्मेलन में शिरकत करने पहुंचे थे। यहां वे हितग्राहियों को सर्टिफिकेट बांट रहे थे इसी दौरान मुंह में गुटखा दबाए एक महिला हितग्राही उसने सर्टिफिकेट लेने पहुंची।

### पानी नहीं, पत्नी चली गई

डिंडौरी -डिंडौरी में कल कलेटर जन सुनवाई में अजीब मामला आया है। जितेंद्र सोनी ने कलेटर के सामने कहा कि पानी की समस्या देवरा गांव में बहुत 'यादा है। अब दिक्कत इतनी बढ़ गई है कि पत्नी,बच्चों को लेकर मायके चली गई है। कलेटर ने तत्काल पीएचई अफसरों को गांव का दौरा कर नई पाइप लाइन डालने को कहा। देवरा, जिला मुख्यालय से महज तीन किलोमीटर दूर है।

## नरसिंहपुर में सीवर लाइन के गड्ढे में काम कर रहे 2 मजदूरों की मौत

नरसिंहपुर. (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर जिले में सिविल लाइन के गड्ढे में काम करने वाले मजदूरों के साथ हादसा हो गया, जहां गड्ढे में काम करते हुए दो मजदूरों की दर्दनाक मौत हो गई. स्टेशन गंज थाना क्षेत्र स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज के सामने सीवर लाइन के गड्ढे में उतरे दो मजदूरों की मौत हो गई. यह हादसा उस समय हुआ, जब दोनों मजदूर सीवर लाइन के सुधार कार्य में लगे थे.



घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम मणिन्द्र कुमार, थाना प्रभारी और नगर पालिका सीएमओ मौके पर पहुंचे. मृतकों की पहचान चिनकी उमरिया के रहने वाले 24 वर्षीय दीपक पटेल, किसानी वार्ड के रहने वाले 51 वर्षीय जितेंद्र यादव के रूप में हुई है. दोनों मजदूरों के शवों को जिला अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस में रखा गया है. प्रशासन का कहना है कि मौत की असल वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही सामने आ पाएगी. हादसे के बाद से ही सीवर लाइन निर्माण कार्य कराने वाला ठेकेदार अपना मोबाइल बंद कर घटनास्थल से फरार है. यह कार्य अर्बन डेवलपमेंट सोसाइटी के अंदर चल रहा था और इसकी देखरेख एक प्राइवेट कंपनी कर रही थी. स्थानीय लोगों का आरोप है कि ये कंपनी लापरवाही से काम कर रही थी. कई बार इसकी शिकायत प्रशासन से की गई थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई. घटना के बाद अर्बन डेवलपमेंट सोसाइटी का कोई भी अधिकारी या कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा, जिस वजह से लोगों में आक्रोश है.

एसडीएम मणिन्द्र कुमार ने कहा की जांच के लिए कुछ स्पेशल इक्विपमेंट मंगवाए गए हैं, जो मौके पर जांच करेंगे कि यहां करंट था या नहीं. फिलहाल मौत किस वजह से हुई हैं. यह अभी तक साफ नहीं हो पाया है. पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही असली कारण का खुलासा होगा. ठेकेदार से संपर्क नहीं हो पा रहा है, उनका मोबाइल बंद है. जांच जारी है और दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी.

### संजय राउत ने कर दिया गजब का दावा

## बिहार चुनाव के दौरान तहव्वुर राणा को फांसी पर लटकाएगी सरकार

नई दिल्ली-(आरएनएस)। शिवसेना (यूबीटी) के मुख्य प्रवक्ता और सांसद संजय राउत ने कहा कि सरकार 26/11 मुंबई आतंकी हमले के मुख्य आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा, जिसे भारत प्रत्यर्पित किया गया था, को आगामी बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान फांसी पर लटकाएगी। उन्होंने कहा कि राणा को तुरंत फांसी दी जानी चाहिए, लेकिन सरकार उसे बिहार चुनाव (इस साल के अंत में होने वाले) के दौरान फांसी पर लटकाएगी। राउत ने कहा कि राणा को भारत लाने के लिए 16 साल लंबी लड़ाई चली और यह कांग्रेस के शासन के दौरान शुरू हुई।

राज्यसभा सांसद ने कहा कि इसलिए राणा को वापस लाने का श्रेय किसी को नहीं लेना चाहिए। राउत ने कहा कि राणा भारत प्रत्यर्पित होने वाला पहला आरोपी नहीं है। उन्होंने याद दिलाया कि इससे पहले 1993 के सीरियल ब्लास्ट के आरोपी अबू सलेम को भी भारत प्रत्यर्पित किया गया था। 64 वर्षीय कनाडाई नागरिक और 2008 के मुंबई आतंकी हमलों के मुख्य आरोपियों में



से एक राणा के अमेरिका से प्रत्यर्पण के बाद गुरुवार को दोपहर 2=50 बजे दिल्ली के पालम हवाई अड्डे पर उतरने के बाद राउत ने यह प्रतिक्रिया दी।

राणा को भारतीय खुफिया और जांच अधिकारियों की संयुक्त टीम की निगरानी में एक विशेष विमान से लाया गया। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने एक बयान में कहा कि 2008 की तबाही के पीछे कथित मुख्य साजिशकर्ता को न्याय के कटघरे में लाने के लिए वर्षों तक लगातार और ठोस प्रयासों के बाद प्रत्यर्पण हुआ। बयान में कहा गया है, यूएसडीओजे, यूएस स्काई मार्शल की सक्रिय सहायता से, एनआईए ने पूरी प्रत्यर्पण प्रक्रिया के दौरान अन्य भारतीय खुफिया एजेंसियों, एनएसजी के साथ मिलकर काम किया, जिसमें भारत के विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय ने मामले को सफलतापूर्वक अंजाम तक पहुंचाने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका में अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय किया।

## तमिलनाडु -8वीं की छात्रा को आया पीरियड तो क्लास के बाहर बैठकर देना पड़ा एग्जाम, बढ़ा विवाद

कोयंबटूर.(आरएनएस) तमिलनाडु के कोयंबटूर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. वीडियो में एक लड़की क्लास रूम में प्रवेश करने वाली सीढ़ियों पर बैठकर परीक्षा देती हुई दिखाई दे रही है. साथ ही, यह भी लिखा है कि पीरियड के कारण निजी स्कूल प्रबंधन ने लड़की को क्लास रूम में प्रवेश नहीं करने दिया और उसे बाहर बैठकर परीक्षा देने के लिए मजबूर किया. वीडियो सोशल मीडिया पर बहुत तेजी से वायरल हो गया.

अनुसूचित जाति वर्ग की अरुंधति नाम की आठवीं कक्षा की छात्रा को क्लास से बाहर बैठकर परीक्षा देने के लिए मजबूर किया गया. रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह घटना कोयंबटूर के एक निजी मैट्रिकुलेशन स्कूल में हुई. रिपोर्ट्स में कहा गया है कि परीक्षा के दौरान स्कूल पहुंची लड़की की मां ने वीडियो बनाया. इसके बाद, उन्होंने वीडियो शिक्षा विभाग के अधिकारियों को भेज दिया. साथ ही, मां ने स्कूल प्रबंधन के गैर-जिम्मेदाराना रवैये के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की. रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया है कि स्थानीय लोगों ने स्कूल प्रबंधन के खिलाफ कलेक्टर को शिकायत करने की बात कही है. कोयंबटूर जिले के सेंगट्टई पालयम गांव के स्वामी चिदभवानंद मैट्रिक हायर सेकेंडरी स्कूल में छात्रा पढ़ती है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, 5 अप्रैल को छात्रा को पीरियड आया. इसके बाद, जब वह 2 परीक्षाओं के लिए स्कूल गई, तो स्कूल प्रबंधन के अधिकारियों ने उसे परीक्षा देने की अनुमति नहीं दी. इसकी शिकायत छात्रा ने अपनी मां से की थी. इसके बाद, जब वह तीसरी परीक्षा के लिए आई, तो उसकी मां भी स्कूल आई और उसने अपनी बेटी को क्लास रूम के बाहर बैठकर परीक्षा देते हुए देखा. मां द्वारा बनाया गया बेटी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया.




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना खमरिया मे मेडिकल कालेज से सूचना मिली कि मंगल कुरैशी उम्र 62 वर्ष निवासी ठक्कर ग्राम हनुमानताल को शाम लगभग 4 बजे सड़क दुर्घटना में घायल होने से बेटे मुख्तार द्वारा मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था जिसकी दौरान उपचार के आज सुबह लगभग 5-30 बजे मृत्यु हो गयी है। सूचना पर पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।

# भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने मनाई महात्मा ज्योतिबा फुले की 198वीं जयंती





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले की 198वीं जयंती केंट विधायक श्री अशोक रोहाणी के मुख्य आतिथ्य, पिछड़ा वर्ग मोर्चा संजय सिंह यादव के नेतृत्व में अंबेडकर पार्क मोदीबाड़ा सदर मनाई गई। अतिथियों द्वारा अंबेडकर वार्ड स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हे नाम किया गया। इस अवसर पर सैनी समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ सफाई कर्मियों का शाल श्रीफल से सम्मान कर मिष्ठान वितरण किया। विधायक श्री अशोक रोहाणी ने इस अवसर पर कहा 19वीं सदी के महान भारतीय विचारक और समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले अतिशूद्रों व महिलाओं के लिए शिक्षा के दरवाजे खोले और सत्यशोधक समाज के जरिए क्रांति की मशाल जलाई। महात्मा ज्योतिबा फुले जी सामाजिक सशक्तिकरण के एक ऐसे पर्याय हैं जिन्होंने अपना जीवन राष्ट्रसेवा के लिए समर्पित किया। स्त्रियों की शिक्षा एवं समाज को अन्य कुरीतियों से मुक्ति दिलाने के लिए उन्होंने बड़े पैमाने पर आंदोलन चलाए। इन आंदोलनों ने भारतीय स्वाधीनता संग्राम को भी सशक्त किया। आज का दिन ऐसे महान समाज सुधारक को नमन कर श्रद्धांजलि देने का दिन है। पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष श्री संजय यादव ने इस अवसर पर कहा आज भारत के महान समाज सुधारक, विचारक, लेखक, समाजसेवी और क्रान्तिकारी कार्यकर्ता महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती है। उनका जन्म 11 अप्रैल 1827 को महाराष्ट्र के पुणे में हुआ था। ज्योतिबा फुले जीवन भर भारतीय समाज की सेवा में जुटे रहे। उन्होंने वंचितों, शोषितों व महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अपना पूरा जीवन अर्पण कर दिया। देश में सामाजिक क्रांति के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा फुले ने गरीबों, महिलाओं, दलितों एवं पिछड़े वर्ग के उत्थान तथा सामाजिक जड़ताओं व कुरीतियों को दूर करने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनका पूरा नाम जोतिराव गोविंदराव फुले था। उन्हें ज्योतिबा फुले या महात्मा फुले के नाम से जाना जाता था। ज्योतिबा फुले का जीवन और उनके विचार व महान कार्य आज भी लोगों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बने हुए हैं।

कार्यक्रम में सैनी समाज के अध्यक्ष चंद्रभान सैनी, नगर उपाध्यक्ष श्रीराम पटेल, पंकज सोनी, जय यादव, राहुल यादव, विनय चौकसे, हर्षित ताम्रकार, भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष राव, सौरभ गोयल, पवन यादव, संजय ठाकुर, सुंदर अग्रवाल, संजय वर्मा, अभिषेक रजक, गोपाल सैनी, विकास बावरिया, चमन पासी, प्रवीण सैनी, सुरेंद्र सैनी, विनोद सैनी आदि की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संयोजन सुनील सैनी एवं संचालन जितेंद्र साहू ने किया ।

# श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर कुशवाहा धाम ग्वारीघाट में श्री हुनमान जन्मोत्सव आयोजित



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। संभागीय कुशवाहा समाज के पूर्व अध्यक्ष खेमचंद पटेल ने यह बताया है कि शनिवार दिनांक 12.04.2025 को भगवान संकट मोचन पंचमुखी हनुमान मंदिर ग्वारीघाट में प्रात: 9 बजे से श्री पंचमुखी हनुमान जी का अभिषेक, श्रृंगार पूजन-अर्चन के पश्चात हवन आरती उपरांत प्रसाद वितरण एवं भंडारा का आयोजन किया जावेगा । जिसमें स्वजातीय बंधुओं, स्थानीय सम्मानीय जनों एवं श्रृद्धालुजन उपस्थित होकर भंडारा भोग-प्रसाद ग्रहण करें । निवेदक- पूर्व अध्यक्ष खेमचंद्र पटेल, पूर्व अध्यक्ष लोकमन पटेल, पूर्व पार्षद प्रकाश पटेल एवं पूर्व पार्षद रूपराम पटेल, खूबचंद पटेल, रामकुमार पटेल, सुदेश पटेल, श्रीमति पार्वती पटेल एवं सदस्यगण ।

### हनुमान जयंती.... गोरखपुर में आयोजन

जबलपुर/श्री महाकाल खाटू श्याम धाम गोरखपुर में रात्रि 7 बजे से श्याम गुणगान संकीर्तन में भजन गायक कार्तिक प्रतीक, नागपुर एवं साथी शिरकत करेंगे और भंडारा होगा । प्रात: 11.30 बजे बगलामुखी मंदिर से खाटू धाम मंदिर तक निशान यात्रा निकलेगी। संयोजक बबलू यादव एवं समिति ने उपस्थिति की अपील की है।

# हिंदी लेखिका संघ मध्य प्रदेश ईकाई का वार्षिक उत्सव आज

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। हिंदी लेखिका संघ मध्यप्रदेश की नगर इकाई का वार्षिक उत्सव 12 अप्रैल को सायं 4.30 बजे से कला वीथिका भंवरताल में आयोजित किया गया है।लेखिका संघ की अध्यक्ष डॉ.कामना कौस्तुभ ने बताया कि समारोह में नगर की प्रतिष्ठित रचनाकार डॉ.अनामिका तिवारी ,इंजी. इस्मिता माथुर,ई.अर्चना नायडू एवं श्रीमती प्रतिमा अखिलेश की कृतियों का लोकार्पण होगा। आयोजन के मुख्य अतिथि डॉ. हरिशंकर दुबे होंगे।अध्यक्षता आचार्य भगवत दुबे करेंगे एवं मंगलभाव श्री राजेश पाठक प्रवीण के होंगे । समारोह में समाजिक, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में सक्रिय संस्थाओं व विशिष्ट व्यक्तित्वों को सम्मानित किया जायेगा। लेखिका संघ ने साहित्य अनुरागियों से उपस्थिति का निवेदन किया है।

### अकाल मृत्यु

जबलपुर- थाना विजयनगर में आज दिनांक 10-4-25 को मयूर टांडिया उम्र 42 वर्ष निवासी तुआ घोघरा थाना धनौरा जिला सिवनी वर्तमान में कृषि उपज मंडी विजयनगर ने सूचना दी कि वह कृषि उपज मंडी विजयनगर में सुरक्षा गार्ड है आज रात लगभग 00-30 बजे

**इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, मदनमहल, कटनी एवं सतना स्टेशनों से गुजरेगी**

# यशवंतपुर-गया-यशवंतपुर के लिए स्पेशल ट्रेन चलेगी

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रेल प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल में अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने के लिए गाड़ी संख्या 06563/06564 यशवंतपुर-गया-यशवंतपुर समर स्पेशल ट्रेन 10-10 ट्रिप चलाने का निर्णय लिया गया है। यह गाड़ी पश्चिम मध्य रेलवे के इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, मदनमहल, कटनी एवं सतना स्टेशन होकर गन्तव्य को जाएगी।

गाड़ी संख्या 06563 यशवंतपुर-गया समर स्पेशल ट्रेन 12 अप्रैल से 14 जून 2025 तक प्रत्येक शनिवार को यशवंतपुर स्टेशन से 07=30 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन रविवार को इटारसी 12=45 बजे, पिपरिया 13=50 बजे, नरसिंहपुर 14=40 बजे, मदनमहल दोपहर 15=55 बजे, कटनी 19=58 बजे, सतना 19=20 बजे पहुँचकर और तीसरे दिन सोमवार को 08=15 बजे गया स्टेशन पहुंचेगी।

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 06564 गया-यशवंतपुर समर स्पेशल ट्रेन 14 अप्रैल से 16 जून 2025 तक प्रत्येक सोमवार को गया स्टेशन से रात्रि 23=45 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन सतना 09=25 बजे, कटनी 10=40 बजे, मदनमहल 12=23 बजे, नरसिंहपुर 13=33 बजे, पिपरिया 14=38 बजे, इटारसी 16=10 बजे पहुँचकर और तीसरे दिन बुधवार रात 21=30 बजे यशवंतपुर स्टेशन पहुँचेगी।

गाड़ी के ठहराव- यह गाड़ी रास्ते में दोनों दिशाओं में यलहंका जंक्शन, धर्मावरम, अनंतपुर, गुत्ती जंक्शन, डोन जंक्शन, कर्नूलु सिटि, महबूबनगर, काचीगुडा, काजीपेट, रामागुंडम, बल्लारशाह, नागपुर, इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, मदनमहल, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्ज़ापुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, भभुआ रोड, सासाराम एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशनों पर रुकेगी।

इस स्पेशल ट्रेन में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी सहित शयनयान श्रेणी एवं द्वितीय सामान्य श्रेणी के कोच होंगे।

स्पेशल ट्रेन के ठहराव एवं समय के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

# श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर में भजन संध्या



जबलपुर। श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर उखरी तिराहा में हनुमान प्राकटयोत्सव पर भजन संध्या सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भंडारे का आयोजन आज रात्रि 7.00 बजे से किया गया है मंदिर में प्रात: 5=00 बजे अभिषेक चोला, भोग, प्रसाद एवं 51 सुंदरकांड का पाठ होगा

शाम 5=00 बजे श्रृंगार दर्शन 7=00 बजे पूजन आरती तदुपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे पंचमुखी हनुमान सेवा समिति से श्री उमाकांत रावत ने भक्तगणों से उपस्थित का आग्रह किया है

# 465 वी नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा भेड़ाघाट में आज भगवान हनुमान जी महाराज का चल चित्र चलेगा साथ में



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से प्रत्येक पूर्णिमा को निकल जाने वाली नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा 12 अप्रैल चैत्र पूर्णिमा पर प्रात 6=00 बजे परिक्रमा संचालक भगवान श्री हनुमान जी महाराज की सूक्ष्म उपस्थिति में पूज्य संत महात्माओं के सानिध्य में निकाली जाएगी

बद्रीनाथ धाम से पूजित गोमती चक्र का वितरण आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद्र दास जी महाराज के सानिध्य में होगा एवं विशाल भंडारे के साथ परिक्रमा का समापन होगा

उपस्थिति की अपील नर्मदा महाआरती के संस्थापक नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा के अध्यक्ष डॉ सुधीर अग्रवाल संरक्षक श्रीमती सुषमाशंकर पटेल मनमोहन दुबे श्याम मनोहर पटेल विनोद दीवान मनोज गुलब्बानी सुरेश विश्वकर्मा कैलाश विश्वकर्मा विशाल पड्या आदि ने की है

# अरविन्द विष्णु पोल का निधन



जबलपुर- यादव कॉलोनी विवेकानंद वार्ड निवासी कविता पोल के पिताजी व अस्मिता पोल के श्वसुर और विद्युत मण्डल में कार्यरत संजय पोल के चाचाजी अरविन्द विष्णु पोल का निधन हो गया। अंतिम यात्रा 12 अप्रैल को दिन में 12.00 बजे निज निवास से रानीताल मोक्षधाम को प्रस्थान करेगी।

# जैन समाज मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी सपत्नीक कुमारपाल महाराजा बनकर उतारी परमात्मा की आरती

**सकल जैन श्री संघ एवं नगर में मंगलता की करी कामना**



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। महिदपुर रोड स्थानीय सुविधिनाथ जैन मंदिर में भगवान महावीर स्वामी जी के जन्म कल्याण के पावन प्रसंग पर गुरुवार रात्रि 8=30 बजे कुमारपाल महाराजा बनकर आरती उतारी गई जिसका लाभ लाभार्थी कोमलचंद सचिन कुमार अंश अनंत भंडारी परिवार बपैया वाले द्वारा लिया गया कुमारपाल महाराज का जुलूस मेन रोड स्थित भंडारी निवास से प्रारंभ हुआ लाभार्थी भंडारी परिवार के निवास पर पधारे सकल जैन श्री संघ के श्रावक श्राविकाओं का कुमकुम अक्षत का तिलक लगाकर प्रभावना के साथ बहुमान किया गया भंडारी निवास से प्रारंभ हुआ जुलूस श्री सुविधि नाथ जैन मंदिर पहुंचा वहां पर कुमारपाल राजा बने जैन समाज मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी ने सपत्नीक भगवान महावीर स्वामी जी, मंगलदीप, गुरुदेव राजेंद्र सूरी जी, गौतम स्वामी गुरुदेव, पुण्य सम्राट जयंत सेन सुरिश्वर जी, अधिष्ठायक मणिभद्र देव, की आरती उतारी गई परमात्मा से सकल जैन श्री संघ एवं नगर में मंगलता की मंगलमय कामना की गई । पश्चात प्रभु भक्ति की गई। विश्व नवकार दिवस पर मंगल कलश का लाभ शैलेंद्र कुमार अम्बौर परिवार इंदौर एवं प्रभावना का लाभ महिला परिषद की राष्ट्रीय शिक्षा मंत्री संगीता पोरवाल द्वारा लिया गया नवपद ओली आराधना के अठंम दिवस व प्रभावना के लाभार्थी सुरेश चंद सचिन कुमार भंडारी परिवार व कांठेड़ परिवार द्वारा लिया गया एवं प्रभावना का लाभ सुनील कुमार शुभम कुमार मूणत परिवार महिदपुर रोड लिया गया आज की सा धार्मिक भक्ति एवं प्रभावना का लाभ समरथमल शुभम कुमार संकेश कुमार चोरडिया परिवार द्वारा लिया गया इस मंगलकारी अवसर पर सकल जैन श्री संघ समाज के वरिष्ठ महानुभव नवयुवक महिला बहु तरुण बालिका परिषद में उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त किया उक्त जानकारी जैन समाज के मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी ने दी

**परमात्मा के जयकारों से गूंजा नगर**

# परम पूज्य गणीवर्य तारकचंद सागर जी सागर जी म,सा एवं साध्वी श्री सुपार्श्व निधि महाराज साहब आदि का नगर में हुआ भव्य मंगल प्रवेश



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। महिदपुर रोड परम पूज्य गणीवर्य तारकचंद सागर जी म, सा एवं साध्वी श्री सुपार्श्व निधि जी महाराज साहब आदि ठाणा का रविवार प्रात: 8=00 बजे नागदा तिराहे से नगर में भव्य मंगल प्रवेश जुलूस ढोल नगाड़ों के साथ प्रारंभ हुआ जहां पर सभी समाज जनों ने पूज्य गुरूदेव व साध्वी जी की मंगल आगवानी की मंगल प्रवेश जुलूस नागदा चौराहे से प्रारंभ हुआ। जगह-जगह समाज जनों द्वारा पूज्य गुरुदेव की गहुली कर मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया। महिलाएं पुरुष अपने आकर्षण परिवेश में परमात्मा एवं गुरुदेव की जय जयकार लगाते हुए चल रहे थे मंगल प्रवेश जुलूस नगर के प्रमुख मार्गों का परिभ्रमण करते हुए श्री राजेंद्र सूरी ज्ञान मंदिर पहुंचकर धर्म सभा में परिवर्तित हुआ पूज्य गणीवर्य तारकचंद सागर जी म,सा ने उपस्थित समाज के श्रद्धालुओं को जिनवाणी का रसपान कराते हुए कहा कि नवपद ओली की आराधना के प्रभाव से श्रीपाल मैना सुंदरी का कोड रोग दूर हो गया था। यह अत्यंत प्रभावशाली यह नव पद ओली आराधना है नवकार महामंत्र के नौ पदों के माध्यम से नौ दिनों तक इस नवपद ओली आराधना को करके व्यक्ति अनंत पुण्यो का उपार्जन करता है जैन समाज के मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी ने बताया कि पूज्य साध्वी श्री सुपार्श्व निधि जी म, सा की मंगलकारी निश्रा में श्री नव पद ओली आराधना 4 अप्रैल से 12 अप्रैल तक संपन्न की जाएगी। जैन श्री संघ अध्यक्ष अजय चौरडिया में समाज के सभी श्रावक श्राविकाओ से अनुरोध किया है आप सभी पूज्य साध्वी जी की मंगलकारी निश्रा में कि इस महा मंगलकारी नव पद ओली आराधना में जुड़कर पुण्य लाभ अर्जित कर अपने जीवन को धन्य बनावे। साथ ही 10 अप्रैल को महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव परम पूज्य साध्वी जी की पावनकारी निश्रा में धूमधाम से मनाया जाएगा। मंगल प्रवेश जुलूस में सकल जैन श्री संघ,समाज की वरिष्ठ महानुभाव , नवयुवक, महिला, बहू,तरुण बालिका ,परिषद में उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त किया। उक्त जानकारी जैन समाज के मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी ने दी

# मानव मात्र के कल्याण के लिए तीर्थंकर परमात्मा करते हैं धर्म तीर्थ की स्थापना -साध्वी श्री सुपार्श्व निधि म,सा







**महामंगलकारी चैत्रीय नव पद ओली आराधना प्रारंभ**

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। महिदपुर रोड स्थानीय श्री सुविधि नाथ जैन मंदिर परिसर स्थित राजेंद्र सूरी ज्ञान मंदिर में विराजित परम पूज्य साध्वी श्री सुपार्श्व निधि जी महाराज साहब ने शुक्रवार को धर्म सभा मे जिनवाणी का रसपान कराते हुए कहा कि अरिहंत परमात्मा ही धर्म तीर्थ की स्थापना करते हैं साथ ही मानव मात्र के ऊपर असीम उपकार करते है। पूज्य साध्वी जी ने अरिहंत शब्द का अर्थ बताते हुए कहा कि अरि याने शत्रु, हतं याने हनन करना जिन्होंने राग द्वेष रूपी आंतरिक शत्रुओं का हनन कर दिया है। जिन्होंने हमें संसार रूपी सागर से तिरने का मार्ग बताया है इसीलिए उपकार की दृष्टि से अरिहंत परमात्मा बड़े एवं उपकारी हैं। अरिहंत पद का जप करने से 50 सगरोपम के आयुष्य का क्षय होता है एवं पूरा नवकार महामंत्र के नौ पदों का स्मरण करने से 500 सागरोपम के आयुष्य का का क्षय होता है । अरिहंत परमात्मा के 12 गुण एवं श्वेत वर्ण होता है नवपद ओली आराधना के अंतर्गत पूज्य साध्वी जी द्वारा श्रीपाल रास ग्रंथ के दृष्टांत का विस्तार से विवेचन किया गया नवपद ओली की आराधना के महाप्रभाव से श्रीपाल मैना सुंदरी का कोड रोग दूर हो गया। इतनी प्रभावशाली अद्भुत यह आराधना है।धर्मसभा में सकल जैन श्री संघ, समाज के वरिष्ठ महानुभव, श्रावक श्राविकाओ ने उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त किया पूज्य साध्वी श्री के मंगलमय प्रवचन प्रतिदिन सुबह 9= 15 से 10=30 बजे तक ज्ञान मंदिर में चल रहे हैं । आप श्री की पावन कारी निश्रा में 4 अप्रैल से चैत्र मास की नव पद ओली आराधना विधि विधान के साथ प्रारंभ हुई है जिसमें अनैक आराधक श्रावक श्राविका इस मंगलकारी नव पद ओली आराधना में जुड़कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं पहले दिन 50 से अधिक आराधक ने आयंबिल तप किया 9 दिन तक चलने वाली यह महामंगलकारी मंगलमय आराधना 4 अप्रैल से 12 अप्रैल तक चलेगी प्रथम दिवस का लाभ रमेश चंद दिनेश कुमार बौस, राजेश कुमार राहुल कुमार बोथरा परिवार द्वारा लिया गया। साधार्मिक भक्ति,प्रभावना का लाभ सुरेश चंद सचिन कुमार भंडारी परिवार द्वारा लिया गया उक्त जानकारी जैन समाज की मीडिया प्रभारी सचीन भंडारी ने दी



भोपाल -प्रदेश में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु पंजीयन की प्रक्रिया 20 जनवरी से 9 अप्रैल 2025 तक संचालित की गई। इस अवधि में प्रदेश के 15 लाख 33 हजार किसानों ने अपना पंजीयन कराया। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया कि उपार्जन की अवधि 15 मार्च से 5 मई 2025 तक निर्धारित है। किसानों को गेहूं के लिए 2,425 प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य के साथ 175 प्रति क्विंटल बोनस, कुल 2,600 प्रति क्विंटल का भुगतान किया जा रहा है।





गौ-सेवा सहित जनकल्याण के कार्य होंगे निरंतर- महावीर जयंती पर रवीन्द्र भवन में हुआ विशेष कार्यक्रम

# संत, महात्मा ज्ञान और सन्मार्ग के हैं प्रेरणा पुंज-मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल-(आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश सरकार गौमाता की सेवा सहित जनकल्याण के विभिन्न कार्यों को संतजन का आशीर्वाद और मार्गदर्शन प्राप्त कर निरंतर रूप से कार्य करेगी। हमारे संत, महात्मा ज्ञान और सन्मार्ग के प्रेरणा पुंज हैं। भगवान महावीर ने अहिंसा, संयम, सत्य, समर्पण के मूल्यों को महत्व दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महाराज जी और अन्य संतों के आशीर्वाद से राज्य सरकार महावीर स्वामी के सिद्धांतों का पालन करते हुए जनकल्याण की दिशा में आगे बढ़ रही है।

मु ख्यमंत्री डॉ. यादव रवीन्द्र भवन सभागम, भोपाल में गुरूवार की शाम आयोजित महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव और मुनि श्री प्रमाणसागर जी महाराज के 38वें दीक्षा दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में जैन संप्रदाय के विभिन्न संगठनों द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. यादव का अभिनन्दन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान महावीर और हमारे अन्य आराध्यों से भारत की विशेष पहचान विश्व में बनी है। विश्व के अधिकांश देशों में विभिन्न प्रकार के संघर्षों से संस्कृति की धारा प्रभावित हुई लेकिन भारत ऐसा राष्ट्र है जो संतों, मुनियों के बताए मार्ग पर आज भी चल रहा है। भारत में सन्मार्ग पर चलने की गौरवशाली परम्परा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुनि श्री प्रमाणसागर जी महाराज के चरणों में नमन करते हुए कहा कि दुनिया में 200 से ज्यादा देश हैं, इनमें से अनेक देशों की संस्कृति कहां गई, किसी को पता नहीं चला। दुनिया भले उलझन में रहे लेकिन भारतमाता ने कई संस्कृतियों को पल्लवित-पोषित किया है। भगवान महावीर स्वामी ने जीवन का रहस्य भी समझाया है। अपरिग्रह, त्याग, ब्रह्मचर्य, समर्पण के मूल्यों को उन्होंने स्थापित किया। आचार्य विद्यासागर जी को देखकर भगवान महावीर का स्मरण होता था। आचार्य विद्यासागर जी महाराज जीते जी देवत्व को प्राप्त हो गए। उनके बारे में लिखे साहित्य को पढ़ने पर यह ज्ञात होता है कि वैचारिक रूप से वे कितने समृद्ध थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुनि श्री से मुख्यमंत्री निवास पधारने का अनुरोध भी किया।

सत्ता के साथ श्रद्धा हो तो संस्कृति प्रतिष्ठित होती है

मुनि श्री प्रमाणसागर जी महाराज ने कहा कि आज देश का सौभाग्य है देश और देश के कई राज्यों में धर्मधारी सत्ता में हैं। सत्ता के साथ श्रद्धा हो, तो संस्कृति प्रतिष्ठित होती है। हमारी संस्कृति पर अनेक आघात भी हुए, लेकिन आज भी संस्कृति का स्वरूप सुरक्षित है। एआइ और रोबोट आ जाने से कार्य में सुविधा हो सकती है, लेकिन ये यंत्र संवेदना से दूर हैं। मनुष्य के पास संवेदना की शक्ति है। यदि संवेदना नहीं है तो मनुष्य भी रोबोट और यंत्र ही कहलाएंगे। हमने ऐसी धरा पर जन्म लिया है जहां उत्तम विरासत प्राप्त हुई है। भौतिक समृद्धि स्थाई समृद्धि नहीं है। आध्यात्मिक मजबूती को आदर्श बनाने की आवश्यकता है। आचार विचार हीनता का कोई स्थान न होतो जीवन सफल और सार्थक होता है। आधुनिकता के साथ कार्य के प्रति ईमानदारी हो, तो परमात्मा भी मनुष्य को सक्षम बनाता है।

राज्य सरकार के गौ सेवा के प्रयास महत्वपूर्ण और सराहनीय हैं

मुनिश्री प्रमाणसागर जी महाराज ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार के गौ सेवा के प्रयास महत्वपूर्ण और सराहनीय हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गौ-शालाओं में गायों के लिए आहार की राशि दोगुनी करने की घोषणा को मंत्रि-परिषद की स्वीकृति दिलवाई और इस तरह के प्रयास निरंतर कर रहे हैं, जो हमारी संस्कृति और गौरवशाली परम्परा को सशक्त बनाते हैं। प्रारंभ में मुख्यमंत्री डॉ. यादव का श्री दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी ट्रस्ट के पदाधिकारियों और विभिन्न संस्थाओं की ओर से अभिनन्दन किया गया। श्री मनोज वांगा ने स्वागत उदबोधन दिया। श्री महावीर जन्मोत्सव पर उपस्थित मुनि संघ और अनेक संतों के साथ जैन धर्मावलंबी बड़ी सख्या में उपस्थित थे।

# गुना में बनेगा आधुनिक गो-अभयारण्य और अनुसंधान केंद्रः केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने किया भूमिपूजन, कैंसर के इलाज के लिए बनेगी औषधि




गुना (आरएनएस)। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया मंगलवार देर रात गुना पहुंचे और बुधवार सुबह सर्किट हाउस में आम नागरिकों से मुलाकात की। इसके बाद वे खड़ेश्वरी आश्रम के पास स्थित ग्राम पांज पहुंचे, जहां उन्होंने 44 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली गौशाला और गौ अभयारण्य का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने गोमाता की पूजा कर आरती की और गुड़ खिलाया। इस परियोजना के अंतर्गत एक अनुसंधान केंद्र भी स्थापित किया जाएगा, जिसमें लगभग 5,000 गायों को आश्रय मिलेगा। समिति के पास ग्राम पांज में 140 बीघा स्वामित्व की भूमि उपलब्ध है, जिस पर यह परियोजना विकसित की जा रही है।

परियोजना का उद्देश्य बेसहारा गायों को सुरक्षित स्थान उपलब्ध कराना

इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य जिले की सड़कों पर घूम रही भूखी, प्यासी, बीमार और घायल बेसहारा गायों को सुरक्षित स्थान और उचित चिकित्सा उपलब्ध कराना है। गौशाला में अत्याधुनिक पशु चिकित्सालय भी बनाया जाएगा, जहां घायल और बीमार गायों की संवेदनशीलता से चिकित्सा की जाएगी।

गोवंश से प्राप्त पंचगव्य से औषधियों का होगा निर्माण

परियोजना के तहत गोवंश से प्राप्त पंचगव्य से औषधियों का निर्माण किया जाएगा, जो कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के उपचार में उपयोगी होंगी। इसके अलावा जैविक खाद, कीटनाशक, और जैविक बीज उपचार जैसे उत्पाद भी बनाए जाएंगे। पंचगव्य आधारित चिकित्सा, गोपालन और गोवंश चिकित्सा पर अनुसंधान और प्रशिक्षण के लिए 500 प्रशिक्षणार्थियों की क्षमता वाला आवासीय प्रशिक्षण केंद्र भी प्रस्तावित है।

### लापरवाही करने पर भानपुर केकडिया सचिव को किया निलंबित

भोपाल (आरएनएस)। बुधवार को फंद्दा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायतों के निरीक्षण के दौरान सीईओ इला तिवारी ने जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत किये जा रहे कार्यो के साथ निर्माणाधीन पंचायत भवन, प्रधानमंत्री आवास अधोसंरचना के शेड निर्माण कार्यो का जायजा लिया। इस दौरान ग्राम पंचायत, ईटखेडी छाप में कोलांस नदी के निरीक्षण कर नदी पर घाट निर्माण, गेवियन संरचना के निर्माण के साथ-साथ साफ-सफाई व

# बढ़ती गर्मी के बीच छात्रों को राहतः भोपाल में बदली गई स्कूल की टाइमिंग

भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश में अप्रैल का महीना शुरू होते ही गर्मी ने भी अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। कई जगहों पर तापमान 42 डिग्री के करीब पहुंच रहा है। इसके चलते राजधानी भोपाल में स्कूलों की टाइमिंग में बदलाव किया गया है। छात्रों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने इसके आदेश जारी कर दिए हैं।

जारी आदेश के अनुसार अब 12 बजे के बाद आठवीं तक के विद्यार्थियों की कक्षाएं 12 बजे के बाद नहीं लगेंगी। यह फैसला छात्रों को भीषण गर्मी में सहूलियत और उनके स्वास्थ्य खराब न हो, इसे ध्यान में रखकर लिया गया है। वर्तमान समय में भोपाल सहित कई जिलों में सुबह से ही अत्यधिक गर्मी का अनुभव हो रहा है, जिससे विद्यार्थियों की शारीरिक व मानसिक स्थिति पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

# प्रधानमंत्री मोदी ने श्री आनंद सर मंदिर परिसर में दर्शन कर सरोवर में पुष्प अर्पित किए



भोपाल-(आरएनएस) प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को श्री आनंदपुर धाम में परम पावन पूजा स्थल महातीर्थ श्री आनंद सर मंदिर परिसर में 4 मंदिरों के दर्शन किए। उन्होंने श्री आनन्द सरोवर में पुष्प अर्पित कर परमपिता से देशवासियों की सुख- समृद्धि और कल्याण की कामना की। प्रधानमंत्री श्री मोदी श्री आनंदपुर धाम स्थित हैलीपेड से सीधे मंदिर परिसर में दर्शन करने पहुंचे। प्रधानमंत्री श्री मोदी का ग्वालियर से हैलीकॉप्टर द्वारा श्री आनंदपुर धाम आगमन हुआ।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को मोती महल में श्री परमहंस अद्वैत मत परम्परा के प्रमुख गुरु महाराज से शिष्टाचार भेंट की। यह विशेष भेंट आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक विषयों पर केंद्रित रही, जिसमें देश की आध्यात्मिक चेतना और नैतिक मूल्यों को और अधिक सुदृढ़ करने पर पारस्परिक संवाद हुआ। इस विशेष भेंट ने न केवल आध्यात्मिक जगत में उत्साह का संचार किया, बल्कि यह भी दर्शाया कि देश के नेतृत्व और आध्यात्मिक संस्थाओं के बीच सकारात्मक संवाद सतत रूप से जारी है।

राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने किया स्वागत

प्रधानमंत्री श्री मोदी शुक्रवार को अपराह्न लगभग 3.30 बजे अशोकनगर जिले के श्री आनंदपुर धाम पहुंचे। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हेलीपैड पर प्रधानमंत्री श्री मोदी का अंगवस्त्र ओढ़ाकर स्वागत किया। इस अवसर पर केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और खजुराहो सांसद श्री विष्णु दत्त शर्मा भी उपस्थित थे।



# श्री हनुमान जन्मोत्सव पर विशाल शोभायात्रा निकाली

शोभायात्रा का जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत



जबलपुर/(नगर प्रतिनिधि) श्री दुर्गा हनुमान मंदिर समिति सरस्वती कॉलोनी के तत्वावधान में पवनसुत हनुमान जी के जन्मोत्सव पर दो दिवसीय विविध कार्यक्रम का आज प्रात: बेला में आज विशाल संकीर्तन शोभायात्रा पं.वासुदेव शास्त्री,संकीर्तनाचार्य पं.मनमोहन दुबे के सान्निध्य में शुभारम्भ हुआ। जिसमें विशाल ध्वज पताकाओं एवं फूलों की वर्षा के साथ नृत्य,गाजे बाजे शंख,घंटा, मृदंग की मनोहारी गूँज़ करते हुये संस्कारधानी के अनेक संकीर्तन मंडलों की सहभागिता से श्री हनुमान सीताराम,राधे राधे की अखण्ड धुन, राम नाम सहित विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करते हुये निकाली गई।

समिति के अध्यक्ष देवेंद्र नेमा के दिशा-निर्देशन में समस्त कार्यकारणी,श्रद्धालु भक्तजनों ने सम्पूर्ण शोभायात्रा का श्रद्धा,समर्पण भाव के साथ भव्यता प्रदान की।एक से बढ़कर एक कर्णप्रिय सुमधुर संकीर्तन पर गुंजायमान मंदिर प्रांगण में भाव विभोर होकर भक्तजन थिरक उठे।समापन पर पुष्प वर्षा कर महाआरती हुई । इस अवसर पर पं.देवेंद्र त्रिपाठी,राजेश शर्मा,पं.वीरेंद्र दुबे, रघुराज सिंह ठाकुर,नवीन नेमा,विकास चौहान,राजेंद्र तिवारी,प्रशांत गुप्ता,संतोष अग्रहरि,सुनील ताम्रकार,अरविंद गुप्ता,संदीप नेमा, पं.अरविंद तिवारी,नितिन दुबे,अंकित बहरे,अमित गुप्ता,संजय शर्मा,नरेंद्र साहू,राजेंद्र ब्यौहार,श्याम कोष्ठा,दुलीचंद कोष्ठा,प्रवीण नेमा,आशीष नेमा,नीरज शर्मा,कृष्णा उपाध्याय,संतोष गौतम, सुरेंद्र गिरी,देवव्रत सोनी,सत्यप्रकाश नामदेव,प्रदीप नेमा,सहित पूर्व महापौर प्रभात साहू,पार्षद प्रतिभा-विंध्येश भांपकर,कृष्णा चटर्जी,अनिता गुप्ता,कीर्ति चौहान,प्रीति गुप्ता,अनिता शर्मा,सरिता नेमा,किशोरी सोनी, प्रभा शर्मा,छाया पटेल,अनु कुचिया,सरिता शास्त्रीआदि सैकड़ों मातृ शक्ति,भक्त गण उपस्थित रहे।

**आज होगी महाआरती कल होगा भण्डारा ।**

मंदिर में जन्मोत्सव समारोह आज दोपहर 12.30 बजे मनाया जाएगा । रात्रि 7.30 बजे महाआरती होगी तथा 13 अप्रैल को मंदिर प्रांगण में महाप्रसाद वितरण भण्डारा होगा। धर्म प्रेमी श्रद्धालुओं से उपस्थिति हेतु समिति द्वारा अपील की गई हैं ।

# स्वस्थ रहने के लिए निरंतर अंतराल में स्वास्थ्य परीक्षण जरूरी -श्रीवास्तव

भोपाल (आरएनएल)। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं मनोज कुमार श्रीवास्तव, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन में विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भोपाल द्वारा जयप्रकाश चिकित्सालय भोपाल के सहयोग एवं समन्वय से जिला न्यायालय एवं जिला अभिभाषक संघ भोपाल में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मनोज कुमार श्रीवास्तव प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा किया गया। शुभारंभ अवसर पर राजर्षि श्रीवास्तव, विशेष न्यायाधीश एवं सुनीत अग्रवाल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अन्य न्यायाधीशगण सहित जिला अधिवक्ता संघ के सचिव मनोज कुमार श्रीवास्तव सहित अधिवक्ता संघ के अन्य पदाधिकारी एवं प्रभाकर तिवारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बी.एम. सिंह, जिला विधिक सहायता अधिकारी तथा न्यायालयीन कर्मचारीगण उपस्थित रहे। शिविर के शुभारंभ अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश ने व्यक्त किया कि सभी को स्वस्थ रहने का अधिकार, स्वस्थ रहने के लिए नियमित अंतराल पर जांच जरूरी, नियमित अंतराल से यदि कोई बीमारी है तो उसे शुरूआत में ही इलाज करके समाप्त किया जा

मंत्री सारंग ने की अधिकारियों के साथ तैयारियों की समीक्षा

# केंद्रीय मंत्री अमित शाह के मुख्य आतिथ्य में 13 अप्रैल को भोपाल में होगा राज्य स्तरीय सहकारिता सम्मेलन



भोपाल (आरएनएस) रवीन्द्र भवन, भोपाल में 13 अप्रैल को राज्य स्तरीय सहकारिता सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है। इस आयोजन में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आयोजित सम्मेलन में सहकारिता के क्षेत्र में मध्यप्रदेश की उपलब्धियों एवं नवाचारों को प्रदर्शित किया जाएगा। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने गुरूवार को सहकारिता विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सम्मेलन की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में आयोजन की रूपरेखा, कार्यक्रम की व्यवस्थाएं एवं जन सहभागिता को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान मंत्री श्री सारंग ने कहा कि राज्य स्तरीय सहकारिता सम्मेलन न केवल सहकारी संस्थाओं की उपलब्धियों का उत्सव होगा, बल्कि आने वाले समय की दिशा और दशा तय करने का भी माध्यम बनेगा।

गुना के ग्राम कंजा में 'जल गंगा संवर्धन अभियान' में हुआ कलश पूजन एवं भूमि-पूजन

# पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री पटेल ने दी पौधरोपण के लिए तीन सूत्रीय योजना




भोपाल-(आरएनएस) पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने गुरुवार को गुना जिले की ग्राम पंचायत पुरैनी अंतर्गत ग्राम कंजा में स्थित कूनो नदी के उद्गम स्थल पर 'जल गंगा संवर्धन अभियान' में सहभागिता कर जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर बालिकाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर यात्रा निकाली। मंत्री श्री पटेल ने सभी बालिकाओं का तिलक कर उनके चरण स्पर्श किए। इसके बाद उन्होंने कूनो नदी के उद्गम स्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों से संवाद करते हुए इस स्थान के ऐतिहासिक महत्व की जानकारी ली।

उद्गम स्थल पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश पूजन एवं भूमि-पूजन किया गया। आवन गुरुकुल के आचार्य एवं छात्रों ने मंत्रोच्चार किया। कार्यक्रम में गुना विधायक श्री पन्नालाल शाक्य सहित जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

मंत्री श्री पटेल ने कहा कि नदियां सदियों से समाज की जल आवश्यकताओं को पूरा करती आ रही हैं। उन्होंने पौधरोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें ऐसे पौधे लगाने चाहिए जो भू-जल स्तर बनाए रखने में सहायक हों। उन्होंने पौधरोपण के लिए तीन प्रमुख बातों पर बल दिया। उपयुक्त स्थान का चयन पौधों की तार फेंसिंग द्वारा सुरक्षा एवं पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करना। मंत्री श्री पटेल ने कलेक्टर श्री कन्याल को कहा कि, ऐसी शासकीय भूमि का चयन किया जाए जहाँ पौधे सुरक्षित रूप से पनप सकें और एक दिन विशाल वृक्ष बन सकें। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस कार्य के लिये आवश्यक सभी सहयोग उनकी ओर से उपलब्ध कराया जाएगा। मंत्री श्री पटेल ने मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्व-सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा उत्पादों की खरीदारी की गई, जिससे समूहों को आर्थिक प्रोत्साहन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के अंत में जनपद पंचायत के फायर फाइटर टैंकर की कार्यक्षमता का प्रदर्शन और उपयोगिता बताई गई।

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है।




भगवान शंकर के दिव्य श्रृंगार में, अब वाले श्रृंगार ने तो मानों दाँतों तले अँगुलि दबाने को विवश कर दिया था। कारण कि भगवान शंकर ने अपनी छाती पर एक माला पहन रखी है। वह माला न तो कोई स्वर्ण धातु से बनी है, और न ही पुष्प इत्यादि की। जी हाँ! वह माला बनी है 'नरमुण्डों' की। खोपड़ियों को एक सूत्र में बाँध कर गले में लटका दिया है। जिसे शिवगण बड़े रौब से माला की संज्ञा दे रहे हैं। भला ऐसी भी माला की कल्पना किसी ने की होगी? यह तो बुद्धि की सीमा से परे सकी बात हो गई।



## नया कश्मीर नई लाइफलाइन

उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक परियोजना यानि यूएसबीआरएल भारतीय रेल के स्वर्णिम भविष्य का एक चमकता हुआ अध्याय है। जो देश के हर हिस्से को कश्मीर तक की अबाध यात्रा के मार्ग से जोड़ रही है। यह राष्ट्रीय परियोजना न केवल देश की इंजीनियरिंग क्षमताओं का प्रदर्शन है, बल्कि यह जम्मू-कश्मीर की भौगोलिक चुनौतियों पर विजय का प्रतीक भी है। विकास के पुल से जुड़े पहाड़ों के दिल हिमालय की ऊंचाइयों में चल रहे प्रोजेक्ट का सबसे चमकदार मोती है चिनाब ब्रिज। जो दुनिया का सबसे ऊंचा रेल पुल है। यह पुल समुद्र तल से 359 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है, जो एफिल टॉवर से 35 मीटर ऊंचा है और कुतुब मीनार से पांच गुना ऊंचा। 266 किलोमीटर प्रति घंटे चलती हवा की रफ्तार को भी चिनाब ब्रिज आसानी से झेल सकता है। 96 केबल के सहारे निर्मित 725 मीटर लंबा अंजी खड्ड ब्रिज देश का पहला केबल आधारित रेल ब्रिज है। कटरा-बनिहाल रेल खंड का हिस्सा ये पुल समुद्र तल से 331 मीटर ऊपर है। यह अद्भुत संरचना न केवल भारतीय रेल की उपलब्धियों की गाथा गाती है, बल्कि कश्मीर घाटी को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का भी वादा करती है। यूएसबीआरएल को भारतीय रेल के लिए एक 'आर्किटेक्चरल वंडर' माना जा रहा है। इस परियोजना की लंबाई 272 किलोमीटर है। जिसका अधिकांश हिस्सा दुर्गम पहाड़ियों, बर्फीले इलाकों और गहरी घाटियों से होकर गुजरता है। इसमें 943 छोटे-बड़े पुल और 36 मेन सुरंग शामिल हैं। जिसमें भारत की सबसे लंबी रेलवे सुरंग टी-50 भी है जो करीब 12.77 किलोमीटर है। भारत के सबसे कठिन रेल निर्माण प्रोजेक्ट में से एक यूएसबीआरएल की लागत करीब 42 हजार करोड़ रुपए है।

# योगी ने साकार किया राम को रोटी से जोड़ने का सपना

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे सच साबित कर दिया। आज शिव की अविनाशी काशी और राम की अयोध्या पर्यटकों की आमद के मद्देनजर यहां के लाखों लोगों की रोजी-रोटी का जरिया बन गए हैं। कमोबेश यही स्थिति अन्य तीर्थ स्थलों की भी है। तीरथराज प्रयाग में आयोजित महाकुंभ में तो इसका चरमोत्कर्ष दिखा। अपने यहां कहा जाता है,जिसने जन्म दिया वही रोटी का भी इंतजाम करेगा। यह ऊपरवाले पर मुकम्मल भरोसे के साथ इस बात की ओर भी संकेत करता है कि अगर अपने इष्टदेवों से जुड़े स्थलों को सजा सवार दिया जाय। वहां आने वाले पर्यटकों की सुरक्षा एवं सुविधा के मद्देनजर बुनियादी सुविधाएं विकसित कर दी जाएं तो वहां भारी संख्या में रोजी रोजगार के अवसर स्थानीय और आसपास के लोगों को उपलब्ध होते हैं। यह राम को रोटी को जोड़ने जैसा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे सच साबित कर दिया। आज शिव की अविनाशी काशी और राम की अयोध्या पर्यटकों की आमद के मद्देनजर यहां के लाखों लोगों की रोजी-रोटी का जरिया बन गए हैं। कमोबेश यही स्थिति अन्य तीर्थ स्थलों की भी है। तीरथराज प्रयाग में आयोजित महाकुंभ में तो इसका चरमोत्कर्ष दिखा। सरकार का अनुमान था कि करीब डेढ़ महीने तक चलने वाले विश्व के इस सबसे बड़े धार्मिक समागम में करीब 35 से 40 करोड़ श्रद्धालु एवं पर्यटक शामिल होंगे, पर शामिल हुए 66 करोड़ से अधिक लोग। इनमें से बहुतों की मंजिल सिर्फ प्रयागराज ही नहीं, काशी, अयोध्या, वनगमन के दौरान जहां भाई लक्ष्मण और पत्नी सीता सहित राम को निषादराज ने जहां उनको गंगा पार कराया था वह श्रृंगवेरपुर और वनगमन के दौरान राम ने मंदाकिनी के तट पर जिस चित्रकूट में सर्वाधिक समय गुजारा था, वह भी थी। कई लोगों ने विंध्याचल स्थित मां जगदंबा के दरबार में भी हाजिरी लगाई। अब एक पर्यटक ने औसतन इस दौरान कितना खर्च किया। इस खर्च का कितना कितना लाभ इस सेक्टर्स से जुड़े स्टेकहोल्डर्स और स्थानीय लोगों को मिला। केंद्र और राज्य सरकार के हिस्से में प्रयागराज के महाकुंभ और काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर और राममंदिर एवं अयोध्या के कायाकल्प पर हुए खर्च की तुलना में कितना लाभ हुआ, यह अर्थशास्त्र के जानकारों के लिए अनुमान विषय है। पर, यह निर्विवाद सच है कि पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं की बढ़ती आमद से लाभ में सब रहे। साथ ही इसने उत्तर प्रदेश के लिए संभावनाओं का एक नया और बड़ा दरवाजा खोल दिया। क्योंकि, बहुसंख्यक समाज के रोम रोम में बसने वाले राम की अयोध्या, तीनों लोकों से न्यारी शिव की काशी और राधा कृष्ण की जन्म भूमि, ग्वाल बालों और गोपियों के साथ लीला के स्थल ब्रज उत्तर प्रदेश में है। इन सभी जगहों की संभावनाओं के मद्देनजर योगी सरकार यहां आने वालों की सुरक्षा और सुविधा के लिहाज से लगातार काम भी कर रही है। इसका नतीजा है कि पर्यटकों की आमद के हिसाब से उत्तर प्रदेश लगातार नए रिकॉर्ड बना रहा है। 2022 से ही घरेलू पर्यटकों के लिहाज से उत्तर प्रदेश देश में नंबर एक पर बना हुआ है। सरकार के आंकड़ों पर गौर करें तो 2017 में उत्तर प्रदेश में आने वाले पर्यटकों की संख्या मात्र 24 करोड़ थी, जो 2024 में बढ़कर 65 करोड़ हो गई। आठ वर्षों में 41 करोड़ की यह वृद्धि खुद में अभूतपूर्व है। स्वाभाविक है कि महाकुंभ के नाते 2025 एक नया रिकॉर्ड रचेगा। यह संख्या एक अरब का ऊपर तक जा सकती है।

पंजाब, हरियाणा और दिल्ली चैंबर ऑफ कॉमर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में 60 फीसद से अधिक घेरलू यात्राएं धार्मिक स्थलों की होती हैं। धार्मिक पर्यटन आर्थिक उन्नति और सांस्कृतिक आदान-प्रदान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। धार्मिक पर्यटन की संभावनाओं का अधिकतम लाभ लेने के लिए ऐसी सभी जगहों को बेहतरीन बुनियादी सुविधाओं, सड़क और एयर कनेक्टिविटी, आने वालों की सुरक्षा और सेवा देनी होती है। यह सारा काम उत्तर प्रदेश सरकार पूरी संजीदगी से कर रही है। आठ वर्षों की मेहनत का नतीजा है पर्यटन क्षेत्र का ये उभार यह सब यूं ही नहीं हुआ। इसकी पृष्ठभूमि मार्च 2017 में जब योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री बने तभी से शुरू हो गई थी। तब अयोध्या जाना तो दूर की बात, कोई नेता अयोध्या का नाम तक नहीं लेना चाहता था उस अयोध्या में वह बार बार गए। हर बार उन्होंने अयोध्या को विकास की बड़ी सौगात दी। दीपावली के एक दिन पूर्व भव्य दीपोत्सव आयोजन कराया।

## तकनीकी गौरव- समुद्र पर पंबन रेल ब्रिज

विवेक रंजन श्रीवास्तव


देश के मुख्य भू भाग से रामेश्वरम को बढ़ते यातायात की आवश्यकताओं को देखते हुए, भारत सरकार ने पिछले कुछ वर्षों से बंद पड़े पुराने पंबन ब्रिज के समानांतर एक नया आधुनिक पुल बनाया है , जिसका उदघाटन रामनवमी के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है।

नया पंबन ब्रिज 2.1 किलोमीटर लंबा है और इसमें कुल 100 स्पैन हैं, जिनमें से 99 स्पैन 18.3 मीटर लंबे हैं तथा एक मुख्य नेविगेशनल स्पैन 72.5 मीटर लंबा है।इस स्पेन की विशेष बात इसका वर्टिकल लिफ्ट है, जो भारत में अपनी तरह का पहला है। यह स्पैन 17 मीटर तक ऊंचा उठ सकता है, जिससे बड़े जहाज और नौकाएँ समुद्र में पुल के नीचे से गुजर सकती हैं। यह प्रणाली अत्याधुनिक इलेक्ट्रो-मैकेनिकल तकनीक पर आधारित है, और रेलवे नियंत्रण प्रणाली के साथ पूरी तरह इंटरलॉक्ड है, जिससे इसकी संचालन प्रक्रिया बेहद सुरक्षित और सटीक होगी । नए पुल के निर्माण में लगभग 535 करोड़ रुपये की लागत आई है। इसमें 3.38 लाख सीमेंट बैग, 4,500 मीट्रिक टन संरचनात्मक स्टील और 5,772 मीट्रिक टन स्टेनलेस स्टील का उपयोग किया गया है। पुल के टावरों की ऊंचाई 34 मीटर है और इसका डिज़ाइन भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इस प्रकार तैयार किया गया है कि इसे डबल लाइन व विद्युतीकरण के अनुकूल आसानी से परिवर्तित किया जा सकेगा । यह लोहे का पुल है अतः, समुद्री जल के संक्षारण से बचाव के लिए विशेष पेंटिंग तकनीक अपनाई गई है, जिससे इसकी उम्र और टिकाऊपन में वृद्धि होगी। इस ब्रिज का महत्व केवल इंजीनियरिंग की दृष्टि से ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और आर्थिक दृष्टिकोण से भी बहुत अधिक है।

## वर्तमान वैश्विक पटल पर भारत के लिए आपदा में अवसर हैं

अमेरिका ने अन्य देशों से अमेरिका में होने वाली आयातित उत्पादों पर भारी भरकम टैरिफ लगाकर विश्व के लगभग समस्त देशों के विरुद्द एक तरह से व्यापार युद्ध छेड़ दिया है। इससे यह आभास हो रहा है आगे आने वाले समय में विभिन्न देशों के बीच सापेक्ष युद्ध न होकर व्यापार युद्ध होने लगेगा। चीन से अमेरिका को होने वाले विभिन्न उत्पादों के निर्यात पर तो अमेरिका ने 145 प्रतिशत का टैरिफ लगा दिया है। एक तरह से अमेरिका की ओर से चीन को यह खुली चुनौती है कि अब अपने उत्पादों को अमेरिका में निर्यात कर के बताए। 145 प्रतिशत के आयात कर पर कौन सा देश अमेरिका को अपने उत्पादों का निर्यात कर पाएगा, यह लगभग असम्भव है। इससे चीन की अर्थव्यस्था छिन्न भिन्न हो सकती है, यदि चीन, अमेरिका के स्थान पर विश्व के अन्य देशों को अपने उत्पादों का निर्यात नहीं बढ़ा पाया। बगैर प्रत्यक्ष युद्ध किए, अमेरिका ने चीन पर एक तरह से विजय ही प्राप्त कर ली है और चीन की अर्थव्यवस्था को भारी नुक्सान करने के रास्ते खोल दिए हैं, हालांकि अमेरिकी अर्थव्यवस्था भी विपरीत रूप से प्रभावित हुए बिना नहीं रहेगी। परंतु, ट्रम्प प्रशासन ने विश्व के 75 देशों पर लागू किए गए टैरिफ को 90 दिनों के लिए स्थगित कर दिया है। इससे अमेरिका की अर्थव्यवस्था पर अन्यथा होने वाले विपरीत प्रभाव को बहुत बड़ी हद्द तक कम कर लिए गया है। अमेरिका संभवत चाहता है कि आर्थिक मोर्चे पर चीन पर इतना दबाव बढ़ाया जाए कि चीन की जनता चीन के वर्तमान सत्ताधरियों के विरुद्ध उठ खड़ी हो और चीन एक तरह से टूट जाए। अमेरिका ने लगभग इसी प्रकार का दबाव बनाकर सोवियत रूस को भी तोड़ दिया था। कुल मिलाकर पूरे विश्व में विभिन्न देशों के बीच अब नए समीकरण बनते हुए दिखाई दे रहे हैं। यूरोपीयन यूनियन के समस्त सदस्य देश आपस में मिलकर अब अपनी सुरक्षा स्वयं करना चाहते हैं। अभी तक ये देश अमेरिका के सखा देश होने के चलते अपनी सुरक्षा के लिए अमेरिका पर निर्भर रहते थे। परंतु, वैश्विक स्तर पर बदली हुई परिस्थितियों के बीच इन देशों का अमेरिका पर विश्वास कम हुआ है एवं यह देश आपस में मिलकर अपनी स्वयं की सुरक्षा व्यवस्था खड़ी करना चाहते हैं। आगे आने वाले समय में यूरोपीयन यूनियन के समस्त देश अपने सुरक्षा बजट में भारी भरकम वृद्धि कर सकते हैं। यहां, भारत के लिए अवसर निर्मित हो सकते हैं क्योंकि भारत में हाल ही के समय में सुरक्षा के क्षेत्र में उत्पादों की नई एवं भारी मात्रा में उत्पादन क्षमता निर्मित हुई है। भारत आज सुरक्षा के क्षेत्र में तेजी से न केवल आत्म निर्भर हो रहा है बल्कि भारी मात्रा में उत्पादों का निर्यात भी करने लगा है। आज सिंगापुर जैसे विकसित देश भी भारत से सुरक्षा उत्पाद खरीदने हेतु करार करने की ओर आगे बढ़ रहे हैं। यदि यूरोपीयन देशों के साथ भारत की पटरी ठीक बैठ जाती है तो सुरक्षा के क्षेत्र में भारत के लिए अपार सम्भावनाएं मौजूद है। भारत, यूरोपीयन देशों के साथ सामूहिक तौर पर द्विपक्षीय व्यापार समझौता करने के प्रयास भी कर रहा है। इसी प्रकार, आगे आने वाले समय में यदि चीन के निर्यात अमेरिका को कम होते हैं तो चीन से विनिर्माण इकाईयों का पलायन तेजी से प्रारम्भ होगा।

## हनुमान जन्मोत्सव पर जलाएं खास बाती का दीया, करें ऋणमोचन मंगल स्तोत्र का पाठ



इंदौर । रामकाज के लिए पवन पुत्र श्री राम नवमी के छठवें दिन यानी चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को इस धराधाम पर अवतरित हुए थे। मान्यता है कि प्रभु श्रीराम के आदेश पर उनके भक्त हनुमान कलयुग में भी प्रत्यक्ष रूप से अपनी समस्त शक्तियों के साथ प्रत्यक्ष रूप से मौजूद हैं। 12 अप्रैल को चैत्र पूर्णिमा को श्री राम भक्त हनुमान का जन्मोत्सव उल्लास पूर्ण माहौल में भक्ति भाव के साथ मनाने के लिए नगर के प्रमुख मंदिरों में तैयारियां शुरू हो गई हैं। मंदिरों की रंगाई-पुताई के साथ पवन पुत्र के श्रृंगार के लिए कलाकारों को बुक किया जा रहा है। इस दिन श्री राम और हनुमान जी का सच्चे मन से स्मरण करने से जीवन के सभी संकट दूर होते हैं और मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

## बेहतर स्वास्थ्य ही मनुष्य की सर्वाधिक मूल्यवान संपदा

आनन्द चौबे

कहावत प्रचलित है, 'स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है'। ऐसे में हम कह सकते हैं कि स्वास्थ्य ही मनुष्य की सर्वाधिक मूल्यवान संपदा है। स्वास्थ्य के अनेक संकेतक बताते हैं कि विकसित और विकासशील राष्ट्र सभी अपने-अपने तरह की स्वास्थ्य चिंताओं से घिरे हैं, और इनसे निकलने के लिए प्रयासरत हैं। अनेक कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के बावजूद संचारी और गैर-संचारी बीमारियों का दायरा अभी भी बहुत व्यापक है। मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में भले ही कमी आई हो परंतु आज भी बड़ी संख्या में माताओं और बच्चों की प्रसव संबंधी कारणों से मृत्यु हो रही है। इन चिंताओं के प्रति सजगता पैदा करने के उद्देश्य से डब्ल्यूएचओ की पहल पर प्रत्येक वर्ष 7 अप्रैल को 'विश्व स्वास्थ्य दिवस' के रूप में मनाया जाता है। वर्ष 2025 के लिये डब्ल्यूएचओ ने मातृ और शिशु स्वास्थ्य को गंभीर मुद्दा मानते हुए 'स्वस्थ शुरुआत, आशापूर्ण भविष्य' जैसी संवेदनशील विषय पर थीम रखी है। इस वर्ष की थीम सुनिश्चित करने का प्रयास है कि माताओं और नवजात शिशुओं को जरूरी स्वास्थ्य सेवाएं मिलें ताकि भविष्य में आने वाली पीढ़ी स्वस्थ और सशक्त हो। भारत के दृष्टिकोण से स्वास्थ्य सेवाओं को देखने से एक लंबा एवं प्रभावकारी बदलाव दिखाई देता है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के विभिन्न कार्यक्रमों ने मनुष्य के स्वास्थ्य को बेहतर बनाया है। लेकिन इसके बाद भी प्रत्येक वर्ष भारत में गर्भावस्था-प्रसव से जुड़े कारणों से लगभग बीस हजार महिलाओं की मृत्यु हो जाती है। आश्चर्यजनक बात यह है कि इन मौतों में से अधिकांश ऐसे कारणों से हो रही हैं, जिन्हें सजगता, सावधानी और ससमय उपाय करके रोका जा सकता है। कवि सोहन लाल द्विवेदी ने कहा है, 'असफलता एक चुनौती है, इसे स्वीकार करो, क्या कमी रह गई, देखो और सुधार करो।' इससे प्रेरणा लेकर स्वास्थ्य सेवा तंत्र, संगठन और हर जिम्मेदार नागरिक को अपने दायित्वों के प्रति विचार करना चाहिए और आवश्यक पहल कर सुधार प्रक्रिया का सारथी बनना चाहिए। अधिकांश लोग इस बात से अनभिज्ञ हैं कि एक महिला गर्भकाल में किन-किन स्वास्थ्य चुनौतियों जैसे मैटरनल एनिमिया, प्रग्नेंसी के कारण हाइपरटेंशन, डायबिटीज और अन्य संक्रमण और बीमारियां, जो पहले से मौजूद होती हैं जैसे हेपाटाइटिस, एचआईवी, थायराइड, हृदय रोग एवं अन्य संचारी-गैर संचारी संक्रमणों/बीमारियों से गुजरती है। इन सब बीमारियों/संक्रमण की समय रहते जांच करा क र महिला एवं बच्चे को स्वास्थ्य खतरों से बचाया जा सकता है।

## हनुमानजी हैं कुशल प्रबंधक, योजनाकार एवं नेतृत्वकर्ता

भगवान हनुमानजी इस कलियुग में महान शक्ति हैं, सबसे ज्यादा पूजे जाने वाले इष्ट हैं, जो अष्ट सिद्धि और नव निधि के देने वाले हैं। इसलिए उनकी विश्वासपूर्वक जो पूजा करता है, उसकी मनोकामना अवश्य पूरी होती है। हनुमानजी को हिन्दू देवताओं में सबसे शक्तिशाली माना गया है, वे रामायण जैसे महाग्रंथ के सह पात्र थे। वे भगवान शिव के ग्यारवें रूद्र अवतार थे, जो श्रीराम की सेवा करने और उनका साथ देने त्रेता युग में अवतरित हुए थे। उनको बजरंग बलि, मारुतिनंदन, पवनपुत्र, केशरीनंदन आदि अनेकों नामों से पुकारा जाता है। उनका एक नाम वायुपुत्र भी है, उन्हें वातात्मज भी कहा गया है अर्थात् वायु से उत्पन्न होने वाला। इन्हें सात चिरंजीवियो में से एक माना जाता है। वे सभी कलाओं में सिद्धहस्त एवं माहिर थे। वीरो में वीर, बुद्धिजीवियों में सबसे विद्वान। वे साहस, भक्ति, और शक्ति के प्रतीक हैं, जो भगवान श्रीराम के परम भक्त और प्रिय हैं। मंगलवार को हनुमानजी का जन्म हुआ, ऐसा माना जाता है। भिन्न-भिन्न लोगों ने इस महान् आत्मा का मूल्यांकन भिन्न-भिन्न दृष्टिकोण से किया है। हनुमान का चरित्र एक लोकनायक का चरित्र है और उनके इसी चरित्र ने उन्हें सार्वभौमिक, सार्वकालिक एवं सार्वदैशिक लोकप्रियता प्रदान की है। उनके चरित्र ने जाति, धर्म और सम्प्रदाय की संकीर्ण सीमाओं को लांघ कर जन-जन को अनुप्राणित किया है। हनुमानजी का चरित्र बहुआयामी हैं क्योंकि उन्होंने संसार और संन्यास दोनों को जीया। वे एक महान योगी एवं तपस्वी हैं

## तमिलनाडु में अगले चरण में भाषा विवाद

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन की ओर से उठाए गए भाषा विवाद की गेंद को प्रधानमंत्री मोदी ने राजनीतिक समझदारी के साथ उनके ही पाले में डाल दी है। तमिलनाडु की हालिया यात्रा में उन्होंने कह दिया कि तमिल राजनेता अपना हस्ताक्षर अंग्रेजी की बजाय तमिल में क्यों नहीं करते। लगे हाथों उन्होंने यहां तक कह दिया कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन को मेडिकल की पढ़ाई तमिल में करानी चाहिए। तमिलनाडु में हिंदी को लेकर विवाद शुरू से ही रहा है, हाल ही में स्टालिन सरकार ने अपना बजट पेश करते वक्त बजट से रूपए के आधिकारिक हिंदी प्रतीक की विदाई और तमिलभाषा वाले प्रतीक का इस्तेमाल किया था। जिस पर हंगामा होना स्वाभाविक है। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु में भाषा को लेकर नया बयान दे दिया है। हो सकता है कि तमिल राजनीति इसका फिर से आक्रामक जवाब दे, लेकिन प्रधानमंत्री के सवाल के बाद तमिल राजनीति के लिए जवाब देना मुश्किल होगा..क्योंकि तमिल का प्रश्न उठाकर एक तरह से प्रधानमंत्री ने तमिल राजनीति को स्थानीयता के ही मुद्दे पर कठघरे में खड़ा करने की कोशिश की है।

दक्षिण में तमिलनाडु इकलौता राज्य है, जिसकी राजनीति तकरीबन सभी ज्वलंत मुद्दों पर बनी राष्ट्रीय सहमति से अलहदा कदम उठाती रही है। श्रीलंका के लिट्टे विद्रोहियों का मसला, हिंदी विरोध और लोकसभा सीटों के परिसीमन के मुद्दे, तमिल राजनीति राष्ट्रीय सहमति से अलग सोचती रही है। इस तरह उसने अपना एक अलग तमिल नैरेटिव रचा। रूपए के प्रतीक का तमिलकरण और हिंदी विरोध की ताजा सोच, अतीत के तमिल नैरेटिव का ही विस्तार है।

सबसे पहले आज के दौर की राजनीतिक मंशा को समझना जरूरी है। मौजूदा राजनीति का हर नया कदम और नई राजनीतिक नैरेटिव बनाने की कोशिश के परोक्ष और प्रत्यक्ष, दो उद्देश्य हैं। पहला मकसद जहां तुरंत जनभावनाओं को अपने पक्ष में मोड़कर सियासी फायदा उठाना होता है, वहीं इनके सहारे भविष्य के लिए अपनी मजबूत सियासी इमारत खड़ा करना भी रहती है। तमिलनाडु सरकार के हालिया कदमों का तात्कालिक कारण है अगले साल होने वाला विधानसभा चुनाव। इन मुद्दों के जरिए डीएमके अपने पक्ष में माहौल बनाने की कोशिश कर रही है। चूंकि ये मुद्दे तकरीबन आठ दशकों से डीएमके की राजनीतिक फसल के खाद का काम करते रहे हैं, इसलिए स्टालिन को एक बार फिर इसी पर भरोसा है।

संविधान के मुताबिक, भारत भले ही राज्यों का संघ हो, लेकिन राज्यों को राष्ट्रीय मुद्दों से अलग राह, जिनमें अलगाववाद के खतरे हों, किसी भी कीमत आगे बढ़ने की छूट नहीं है। संविधानसभा की बहस के दौरान राज्यों के ऐसे कदमों की आशंका को देखते हुए ही मजबूत केंद्र की अवधारणा को स्वीकार किया गया। इसके बावजूद यदा-कदा कई राज्य राष्ट्रीय सोच से अलग रूख अख्तियार करते रहते हैं। हाल के दिनों में इस कोशिश में पश्चिम बंगाल भी जुड़ा, जहां से राष्ट्रवादी विचारधारा को बल मिला। अरसे से कई मुद्दों पर अलग रूख अख्तियार करते वक्त तमिल राजनीति भारतीयता के अभिन्न अंग् तमिल की अवधारणा और संविधान की सोच को दरकिनार करती रही है।

तमिलनाडु में हिंदी विरोध 1935 में डीएमके के वैचारिक उभार के साथ ही शुरू हुआ। तब भी यह सोच राष्ट्रीय युगबोध से अलग थी। तमिलनाडु में पहले क्रांतिकारी सोच के नाम पर ब्राह्मण विरोध की शुरूआत हुई, जिसका अगला कदम हिंदी विरोध रहा। अब यह सोच एक तरह से उत्तर भारत विरोध तक पहुंच चुकी है। दिलचस्प यह है कि इसमें कई बार कांग्रेस जैसी राष्ट्रीय पार्टी भी मददगार होती रही है। 2023 के विधानसभा चुनावों में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में बीजेपी और तेलंगाना में कांग्रेस को मिली जीत के बाद नया नैरेटिव गढ़ा गया था। जिसके मुताबिक, गोबर पट्टी के राज्यों को पिछड़ा और दक्षिणी राज्यों को समझदार बताया गया। यानी जो बीजेपी को चुने, वह पिछड़ा और जो कांग्रेस को चुने, वह प्रगतिशील। इस नैरेटिव के जरिए उत्तर और दक्षिण के बीच गहरी विभाजन रेखा खींचने की कोशिश हुई। लोकसभा सीटों के परिसीमन को लेकर द्रविड़ राजनीति की ओर से उठाए जा रहे सवालों में इसके विस्तार को देखा जा सकता है।

अपनी अलहदा सोच के लिए अतीत में डीएमके को कीमत भी चुकानी पड़ी है। 1991 में तत्कालीन चंद्रशेखर सरकार ने करूणानिधि सरकार को कुछ ऐसी ही वजहों से बर्खास्त किया था। डीएमके करीब दो दशक से कांग्रेस की सहयोगी है, लेकिन अतीत में एक बार वह भी डीएमके की ऐसी सोच के चलते केंद्र की गुजराल सरकार को गिरा चुकी है। अभी चाहे हिंदी का सवाल हो या फिर रूपए के प्रतीक को बदलने की बात, डीएमके के रूख पर कांग्रेस ने फिलहाल चुप्पी साध रखी है। ऐसा लगता है कि इन मुद्दों पर कांग्रेस की स्थिति सांप और छछूंदर जैसी हो गई है। अगर वह डीएमके का विरोध करती है तो उसे अपने स्थानीय समर्थकों के छिटकने का डर है और यदि समर्थन करती है तो उत्तर भारत में उसकी उम्मीदें बिखर सकती हैं। लेकिन बीजेपी ने आक्रामक रूख अपना रखा है। रूपए का हिंदी प्रतीक बदलने का सबसे तेज विरोध तमिल मूल की निर्मला सीतारमण और राज्य बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष अन्नामलाई कर रहे हैं। उनका साथ उनकी पूर्ववर्ती तमिलसाई सौंदर्याराजन दे रही हैं। बीजेपी की कोशिश है, स्टालिन के हिंदी विरोध की हवा तमिल सोच के जरिए निकालने की है। इसका आधार जोहो कंपनी प्रमुख श्रीधर वेंबु हिंदी समर्थन में बयान देकर मुहैया करा चुके हैं।

अगले साल अप्रैल-मई में तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव होने हैं। 2021 के चुनाव में दशकभर बाद डीएमके को सत्ता मिली थी। स्टालिन इसे ही बचाए रखने की जुगत में हैं। उत्तर और हिंदी विरोधी माहौल जिंदा रखकर स्थानीय भावनाओं को उभारना तमिलनाडु का आसान राजनीतिक फार्मूला रहा है। त्रिभाषा फॉर्मूले में हिंदी विरोध स्टालिन को सबसे आसान लगा और वे मैदान में कूद पड़े। जनसंख्या के लिहाज से लोकसभा सीटों का परिसीमन में कम होना और रूपए का प्रतीक बदलना इसी का विस्तार है।

1937 में पेरियार के हिंदी विरोधी आंदोलन को तकरीबन समूचे तमिल समुदाय का समर्थन मिला।

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि- आपके लिए आज का दिन शुभ है। आज आप जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निभाएंगे। कामकाज निपटाने में आप बहुत हद तक सफल रहेंगे। अपनी तरफ से हर मामले पर आपको सकारात्मक रहना होगा।

वृष राशि- आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज घर के बड़ों की मदद से आपका जरूरी काम पूरा हो जाएगा। किसी रिश्तेदार से आपको अच्छी खुशखबरी मिलेगी।

मिथुन राशि- आज का दिन आपके लिए आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करें। आज पुरानी देनदारी निपटा सकते हैं। आज जीवनसाथी की भावनाओं को समझने में बहुत हद तक आपको सफलता मिलेगी।

कर्क राशि- आज का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया वाला रहेगा। आज घर से दूर रह रहे भाई या बहन से आपकी फोन पर बात होगी, जिससे आपको अच्छा लगेगा।

सिंह राशि- आज आपका दिन शानदार रहेगा। परिवार के सामने आपको अपनी राय रखने का पूरा मौका मिलेगा, आपकी योजना से लोग काफी प्रभावित होंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आप अपने घर का डेकोरेशन फेस्टिवल के अनुसार करेंगे।

कन्या राशि- आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपके कोर्ट-कचहरी के मामले थोड़े समय के लिए रुक सकते हैं, लेकिन समय रहते सब ठीक होगा। आज आप जो भी व्यापार शुरू करेंगे, उसमें सफलता हासिल होगी।

तुला राशि- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आज किसी नए काम को शुरू करने से पहले पूरी योजना बनाएंगे और साथ ही माता-पिता से सलाह लेंगे।

वृश्चिक राशि- आज आपका दिन ठीक रहेगा। आपको किसी और के मामलों में दखल देने से बचना चाहिए। किसी बड़े प्रोजेक्ट में पैसा लगाने की सोच रहे हैं, तो पहले किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह जरूर ले।

धनु राशि- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज पास की किसी धार्मिक गतिविधि में शामिल होने के योग बन रहे हैं। आज किसी मामले में दूसरों के साथ बातचीत या सलाह करने से फायदा होगा।

मकर राशि- आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रोजमर्रा के कामों में आपको ज्यादा समय लग सकता है। आज कारोबार में पैसा लगाने से पहले बड़ों की राय लेना आपके लिए कारगर साबित होगा।

कुंभ राशि- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज जो भी काम शुरु करेंगे वो समय पर पूरा हो जाएगा। आपको करियर से संबंधित नए अवसर मिलेगा।

मीन राशि- आज आपका मन नई उमंगों से भरा रहेगा। सभी आपसे राय लेना चाहेगा। ऑफिस के लोगों में आपका रुतबा बनेगा।



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक फिल्म से जुड़े विवाद का हवाला देते हुए शुक्रवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ( आरएसएस ) हर कदम पर दलित और बहुजन इतिहास को मिटाना चाहते हैं। महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्री बाई फुले के जीवन पर आधारित फिल्म 'फुले' इन दिनों सुर्खियों में है। फिल्म में अभिनेता प्रतीक गांधी ने महात्मा फुले की और अभिनेत्री पत्रलेखा ने सावित्रीबाई फुले की भूमिका निभायी है।



# पीएम मोदी ने किया 'नवकार महामंत्र' का जाप, 100 से अधिक देशों के प्रतिनिधि बने साक्षी

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 'नवकार महामंत्र दिवस' कार्यक्रम में हिस्सा लिया। श्वेत वस्त्र में पीएम मोदी नवकार महामंत्र का जाप करते दिखे। इस आयोजन में 100 से अधिक देशों से आए प्रतिनिधि एक साथ वैश्विक सामूहिक मंत्र के जाप के साक्षी बने।

दरअसल, नवकार महामंत्र दिवस आध्यात्मिक सद्भाव और नैतिक चेतना का एक महत्वपूर्ण उत्सव है, जो जैन धर्म में सबसे अधिक पूजनीय और सार्वभौमिक मंत्र- नवकार महामंत्र के सामूहिक जाप के माध्यम से लोगों को एकजुट करने का प्रयास करता है। अहिंसा, विनम्रता और आध्यात्मिक उत्थान के सिद्धांतों पर आधारित यह मंत्र प्रबुद्ध व्यक्तियों के गुणों के प्रति सम्मान व्यक्त करता है और आंतरिक परिवर्तन की प्रेरणा देता है। यह दिवस सभी व्यक्तियों को आत्म-शुद्धि, सहिष्णुता और सामूहिक कल्याण के मूल्यों पर चिंतन करने के लिए प्रोत्साहित करता है। इससे पहले पीएम मोदी ने अपने एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट कर लोगों से नवकार महामंत्र का जाप करने की अपील की थी।

पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, आइए, सब मिलकर प्रातः 8ः27 बजे नवकार महामंत्र का जाप करें। णमो अरिहंताणं, णमो सिद्धाणं, णमो आयरियाणं, णमो उवज्झायाणं, णमो लोए सव्वसाहूणं। प्रत्येक आवाज शांति, शक्ति और सद्भाव लाए। हम सब भाईचारे और एकजुटता की भावना को बढ़ाने के लिए एक साथ आएं।

इसके अलावा, केंद्रीय पीयूष गोयल ने एक्स पर लिखा था, णमो अरिहंताणंज नवकार महामंत्र जैन धर्म के सबसे पावन मंत्रों में से एक है जो आध्यात्मिकता, विनम्रता, भाईचारे और अहिंसा के सिद्धांतों पर आधारित है। यह मंत्र मन की शांति और आंतरिक संतुलन का माध्यम है। महावीर जयंती से एक दिन पूर्व 9 अप्रैल को सुबह 8 बजे दिल्ली के विज्ञान भवन में प्रधानमंत्री मोदी की गरिमामयी उपस्थिति में नवकार महामंत्र दिवस का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में 100 से अधिक देशों से आए प्रतिनिधि एक साथ वैश्विक सामूहिक मंत्र के जाप के साक्षी बनेंगे। आइए, हम सभी इस पावन अवसर पर नवकार मंत्र का जाप करते हुए पूरे विश्व में शांति, एकता और आध्यात्मिक जागरण का संदेश फैलाएं।

**मोदी कैबिनेट ने लिए बड़े फैसले, रेल लाइन प्रोजेक्ट, जीरकपुर बाईपास समेत इन परियोजनाओं को दी मंजूरी**

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। इनमें जीरकपुर बाईपास निर्माण, तिरुपति-पाकला-कटपडी सिंगल रेलवे लाइन का दोहरीकरण और कृषि सिंचाई योजना के तहत जल प्रबंधन का आधुनिकीकरण शामिल हैं। इन परियोजनाओं का उद्देश्य राज्य की यातायात सुविधाओं को सुधारना, जल संसाधनों का बेहतर उपयोग करना और आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है।

कैबिनेट ने पंजाब और हरियाणा में स्थित जीरकपुर बाईपास के निर्माण को मंजूरी दी। यह बाईपास छह लेन का होगा और इसकी कुल लंबाई 19.2 किलोमीटर होगी। यह परियोजना प्रधानमंत्री गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत एकीकृत परिवहन इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण है। बाईपास एनएच-7 (जीरकपुर-पटियाला) के जंक्शन से शुरू होकर एनएच-5 (जिरकपुर-परवाणू) के जंक्शन तक जाएगा। इसके निर्माण से जीरकपुर और पंचकूला के अत्यधिक शहरीकृत और भीड़-भाड़ वाले इलाकों से बचा जा सकेगा। यह परियोजना पटियाला, दिल्ली, मोहाली एरोसिटी से आने वाले यातायात को डाइवर्ट करके हिमाचल प्रदेश के लिए सीधी कनेक्टिविटी प्रदान करेगी, जिससे इन क्षेत्रों में यातायात की भीड़-भाड़ कम होगी।00



राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू और स्लोवाक राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी ब्रातिस्लावा में राष्ट्रपति भवन में.



नई दिल्ली के विज्ञान भवन में नवकार महामंत्र दिवस के उद्घाटन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी.

## वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की बैठक, मौलाना उमरैन बोले- मुसलमान डरता नहीं है

मुंबई (आरएनएस)। वक्फ संशोधन कानून को लेकर जारी राजनीतिक बहस के बीच महाराष्ट्र के मालेगांव स्थित मस्जिद में बुधवार को बैठक हुई। यह बैठक ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल बोर्ड की तरफ से बुलाई गई थी, जिसमें मुस्लिम मौलानाओं ने हिस्सा लिया और इस कानून का जोरदार विरोध किया। बैठक में शिरकत करने वालों ने कहा कि हम इस तरह के किसी भी कानून को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं कर सकते हैं, जिससे वक्फ की संपत्ति को नुकसान पहुंचे।

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सचिव मौलाना उमरैन महफूज रहमानी ने इस बैठक के बारे में पूरी जानकारी दी। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा था कि वक्फ संशोधन कानून से वक्फ की संपत्ति को खतरा है। लिहाजा हमारी सरकार से मांग है कि इसे वापस लिया जाए। हम इस तरह के कानून को मौजूदा समय में किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं कर सकते हैं।

उन्होंने वक्फ संशोधन कानून को केंद्र सरकार की मनमानी बताते हुए कहा कि इस देश का मुसलमान किसी से डरता नहीं है। अगर हुकूमत को ऐसा लगता है कि मुसलमान डरता है, तो मैं एक बात स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि इस देश का मुसलमान किसी से डरना नहीं जानता है।

उन्होंने कहा कि आप जरा यह भी याद रखिए कि मुसलमान वो कौम नहीं है, जो आपकी धमकियों से डर जाएगा। धमकी उसे दीजिए, जो डरना जानते हों। मुसलमान अपने आपको डर और खौफ से उठाकर अपना ऐतबार अल्लाह पर रखता है, इसलिए आप हमें नहीं डराएं। अगर आप हमें डराएंगे, तो मैं एक बात स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि आपकी गोलियां कम पड़ जाएंगी, लेकिन हमारे सीने कम नहीं पड़ेंगे। हम कुर्बानी देंगे और अपनी मंजिलों तक पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि वैसे तो यह कानून 1995 में बनाया गया था, जिसका हम स्वागत भी करते हैं, लेकिन अब जिस तरह से इसमें संशोधन किए गए हैं, हम उसे स्वीकार नहीं कर सकते हैं। हम इसे वापस लिए जाने की मांग करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि हमारा यह लोकतांत्रिक अधिकार है कि जो चीजें हमें नुकसान पहुंचाएं, हम उसके खिलाफ जोरदार तरीके से आवाज उठाएं और हम मौजूदा समय में वही कर रहे हैं और करते रहेंगे, जब तक कि इस कानून को वापस नहीं लिया जाता है। उन्होंने कहा कि वक्फ कानून की वजह से कई तरह की दुश्वारियां पैदा हो सकती हैं, जिसे देखते हुए हम इसका विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज की बैठक में हमने पूरे देश के मुसलमानों के लिए दिशानिर्देश जारी किया है कि वे इस कानून का एकजुट होकर विरोध करें। हमारी यह बैठक सार्थक रही है। इसमें कई लोगों ने हिस्सा लिया, जिससे यह साफ जाहिर होता है कि लोगों में इस कानून को लेकर नाखुश हैं। उन्होंने कहा कि हम वक्फ के खिलाफ लगातार आवाज उठाते रहेंगे। हम आने वाले दिनों में इस कानून के विरोध में जगह-जगह कई छोटे-बड़े कार्यक्रम करेंगे और मुस्लिम समुदाय के लोगों को इस कानून के विरोध में एकजुट करेंगे और उन्हें यह बताएंगे कि यह किस तरह से उन्हें नुकसान पहुंचा सकता है।

## भाजपा ओबीसी-एससी-एसटी विरोधी, जनहित के मुद्दों से नहीं कोई सरोकार : पप्पू यादव

पूर्णिया (आरएनएस)। बिहार के चर्चित नेता और पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने भाजपा पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया है। उनके अनुसार, पार्टी ओबीसी, एससी-एसटी और किसान विरोधी है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा के खिलाफ सभी दलों को मिलजुलकर काम करना होगा, उसे अकेले हराना मुश्किल होगा।

पप्पू यादव ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि यह पार्टी मुख्य समस्याओं पर कभी बात नहीं करती और ओबीसी, एससी, एसटी व किसानों के हितों की विरोधी है। इसके विपरीत, कांग्रेस की सोच समाज के हर तबके को हिस्सेदारी देने की रही है, खासकर ओबीसी, एससी और एसटी को आगे बढ़ाने पर जोर देती है।

मीडिया से बातचीत में कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार की सक्रियता पर पप्पू यादव ने कहा कि हिंदी पट्टी में कांग्रेस को मजबूत करने के लिए सभी मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, राजद खुश रहे या न रहे, इससे हमें फर्क नहीं पड़ता। सभी गठबंधन धर्म के तहत अपना काम कर रहे हैं। मेरा मानना है कि बीजेपी को हराने के लिए हिंदी पट्टी में गठबंधन जरूरी है, क्योंकि क्षेत्रीय दल अकेले बीजेपी का मुकाबला नहीं कर सकते।



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस नेता, रा%यसभा सांसद सोनिया गांधी और अन्य नेताओं ने अहमदाबाद में राष्ट्रीय ध्वज फहराया.

## कंगना रनौत के मनाली वाले घर का बिजली बिल आया 1 लाख रुपए, एक्ट्रेस बोलीं 'मैं तो वहां रहती भी नहीं

नई दिल्ली (आरएनएस)। बॉलीवुड की 'क्वीन' और मंडी से सांसद कंगना रनौत अपने अभिनय के साथ-साथ अपने तीखे और बेबाक बयानों के लिए भी सुर्खियों में रहती हैं। एक बार फिर उन्होंने कुछ ऐसा कहा है जिसने सभी को चौंका दिया है। कंगना ने दावा किया है कि हिमाचल प्रदेश के मनाली स्थित उनके घर का बिजली बिल इस महीने ?1 लाख आया है, जबकि वह वहां रहती भी नहीं हैं।

मूल रूप से हिमाचल प्रदेश की रहने वाली कंगना रनौत काम के सिलसिले में अधिकतर मुंबई में रहती हैं। हाल ही में उन्होंने अपने संसदीय क्षेत्र मंडी में एक राजनीतिक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इसी दौरान उन्होंने अपने मनाली वाले घर के बिजली बिल को लेकर यह चौंकाने वाला खुलासा किया। इस कार्यक्रम से उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

राहुल चौहान नामक एक यूजर द्वारा एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर शेयर किए गए इस वीडियो में कंगना कह रही हैं, मेरे को इस महीने मनाली के घर का एक लाख रुपए का बिल आया है,

## बिहार में कानून-व्यवस्था की स्थिति बदतर, अपराधी बेलगाम : तेजस्वी यादव

पटना (आरएनएस)। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने बुधवार को राज्य की कानून-व्यवस्था को लेकर एक बार फिर नीतीश कुमार को निशाने पर लिया है। उन्होंने कहा कि बिहार में कानून-व्यवस्था की स्थिति बदतर हो गई है और अपराधी बेलगाम हो चुके हैं। राजधानी पटना में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अचेतावस्था में आ गए हैं। गृह मंत्रालय किसी भी प्रदेश का महत्वपूर्ण विभाग होता है, जो मुख्यमंत्री के पास है। बिहार में अपराध लगातार बढ़ता जा रहा है। इस सवाल को हम लोग सदन (विधानसभा) में और सदन से बाहर भी हमेशा उठाते रहे हैं। सोशल मीडिया और प्रेस रिलीज के जरिए भी आपराधिक घटनाओं का बुलेटिन जारी करते रहते हैं।

उन्होंने कहा कि बिहार में अपराधी बेलगाम हो चुके हैं। अब यह समझना जरूरी है कि सरकार कैसे चल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता में बैठे हुए लोग अपराधियों को जेल से निकाल रहे हैं और भ्रष्टाचारियों को प्रमोट कर रहे हैं। यही सरकार की नीयत बन गई है।

वक्फ कानून को लेकर उन्होंने कहा, हम लोगों ने वक्फ संशोधन विधेयक का विरोध किया है। जदयू किसका विरोध कर रही है, उनकी वे जानें। उनकी पार्टी (जदयू) में वक्फ कानून को लेकर विरोध हो रहा है, उन्हें ऐसे लोगों को समझाना चाहिए। उनकी पार्टी में जाकर हम लोग तो विरोध नहीं कर रहे हैं।

भाजपा द्वारा कांग्रेस और राजद पर तुष्टिकरण की राजनीति के आरोप पर राजद नेता ने कहा कि बंटवारा तो वे कर रहे हैं। धर्म की राजनीति वे कर रहे हैं, नफरत फैलाने का काम वे लोग कर रहे हैं।

## 13वीं बार जेल से बाहर आया राम रहीम, रिसीव करने पहुंची हनीप्रीत

रोहतक (आरएनएस)। हरियाणा सरकार ने एक बार फिर डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह पर मेहरबानी दिखाते हुए उसे 21 दिनों की फरलो प्रदान की है। बलात्कार और हत्या के मामले में रोहतक की सुनारिया जेल में सजा काट रहे राम रहीम को आज सुबह रिहा कर दिया गया। सूत्रों के अनुसार, राम रहीम आज सुबह करीब 6 बजकर 40 मिनट पर जेल से बाहर आया। उसे लेने के लिए हनीप्रीत खुद पहुंची थी। कड़ी पुलिस सुरक्षा के बीच राम रहीम को सिरसा स्थित डेरा सच्चा सौदा मुख्यालय ले जाया गया है, जहां वह अपनी फरलो की अवधि बिताएगा। बताया जा रहा है कि राम रहीम ने 29 अप्रैल को डेरा के स्थापना दिवस के मद्देनजर फरलो के लिए आवेदन दिया था। इस अवसर पर डेरे में एक बड़े आयोजन की योजना है, जिसमें राम रहीम शामिल होना चाहता था। हरियाणा सरकार ने उसके आवेदन को स्वीकार करते हुए 21 दिन की यह छुट्टी मंजूर की है।




अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के सदस्यों ने नई दिल्ली में कला संकाय, उत्तरी परिसर के बाहर दिल्ली विश्वविद्यालय प्रवेश के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।



केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नेपाल के काठमांडू में तीसरी बिम्सटेक कृषि मंत्रियों की बैठक में भाग लिया।

## बंगाल में नहीं लागू होगा वक्फ संशोधन कानून, दीदी करेंगी आपकी संपत्ति की रक्षा : ममता बनर्जी

कोलकाता (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल में वक्फ कानून को लेकर जारी विरोध प्रदर्शन के बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को राज्य के मुस्लिम समुदाय को आश्वासन दिया कि उनकी सरकार उनकी संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी।

जैन समुदाय द्वारा आयोजित विश्व नवकार महामंत्र दिवस के अवसर पर एक सभा को संबोधित करते हुए ममता ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा और राज्य में एकता बनाए रखने की वकालत की।

ममता ने अपने संबोधन में कहा, हम बंगाल में वक्फ बिल लागू नहीं होने देंगे। मेरी सरकार धार्मिक आधार पर बंगाल का विभाजन नहीं होने देगी। मैं जानती हूं कि वक्फ अधिनियम के लागू होने से आप दुखी हैं, मगर भरोसा रखें, बंगाल में ऐसा कुछ नहीं होगा। बंगाल में फूट डालो और राज करो की नीति नहीं चलेगी। आपको जियो और जीने दो का संदेश देना चाहिए। बंगाल में रहने वालों को सुरक्षा देना हमारा काम है। मैं आप सभी से अपील करता हूं कि अगर कोई आपको राजनीतिक रूप से इकट्ठा होने के लिए उकसाता है, तो कृपया ऐसा न करें। कृपया याद रखें कि दीदी आपकी और आपकी संपत्ति की रक्षा करेंगी। अगर हम साथ रहेंगे, तो हम दुनिया जीत सकते हैं। सीएम बनर्जी ने आगे कहा, कुछ लोग पूछते हैं कि मैं सभी धर्मों के स्थानों पर क्यों जाती हूं। मैंने कहा कि मैं अपने पूरे जीवनकाल में वहां जाती रहूंगी। भले ही आप मुझे गोली मार दें, आप मुझे एकता से अलग नहीं कर पाएंगे। बांग्लादेश की स्थिति देखिए, मेरा मानना है कि इसे अभी पारित नहीं किया जाना चाहिए था। बंगाल में विभाजन नहीं होगा, जियो और जीने दो। अगर किसी को मेरी संपत्ति लेने का अधिकार नहीं है, तो मैं कैसे कह सकती हूं कि किसी और की संपत्ति ली जा सकती है? हमें 30 फीसदी (मुसलमानों) को साथ लेकर चलना होगा। याद रखिए, दीदी आपकी संपत्ति की रक्षा करेंगी। उन्होंने आगे कहा, हमारा उद्देश्य जोड़ना है, बांटना नहीं। जब हम एकजुट रहेंगे, तो देश आगे बढ़ेगा। हमारी नीति है कि जियो और जीने दो। कुछ लोग बंगाल को बदनाम कर रहे हैं, कह रहे हैं कि मैं राज्य में हिंदू धर्म को संरक्षण नहीं देती। फिर सबको संरक्षण कौन देता है? मुझे बंगाल के अल्पसंख्यकों को श्रेय देना चाहिए जो राज्य में हिंदू त्योहार भी मनाते हैं। मुझे यह कहते हुए गर्व होता है कि यह बंगाल है और हम सभी धर्मों का सम्मान करते हैं।




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि) थाना ग्वारीघाट में सुयश अवस्थी उम्र 27 वर्ष निवासी त्रिवेणी ग्रीन रेसीडेंसी पोलीपाथर ने सूचना दी कि आज सुबह लगभग 10 बजे रोजाना की तरह जिलहरी घाट नहाने गया था देखा जिलहरी घाट मोड़ के पास शारदा मंदिर के सामने सागोन के जंगल में एक अज्ञात महिला उम्र लगभग 65 वर्ष का शव पड़ा है जो काफी दिनों से बीमार लग रही है शव को जंगली जानवरों द्वारा खा लिया गया है। पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।



# जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत ताल-तलैयों, कुऑं-बावली, और नदियों को किया जा रहा है साफ

## क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ समाजसेवियों एवं नागरिकों द्वारा गंगासागर तालाब में श्रमदान कर की तालाब की सफाई








जबलपुर। मध्यप्रदेश शासन द्वारा 30 मार्च से 30 जून 2025 तक संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत पूरे प्रदेश में सुरक्षित कल के लिए जल स्त्रोंतों को बचाए रखने ताल-तलैयों, कुआँ-बावली, और नदियों की सफाई कराई जा रही है। इसके लिए देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी लगातार जल गंगा संवर्धन अभियान के लिए कार्य करते हुए लोगों को भी इस अभियान से जोड़ने प्रेरित कर रहे हैं। मध्यप्रदेश सरकार की पहल पर यह अभियान पूरे प्रदेश में बड़े पैमाने पर चलाया जा रहा है। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत नगर निगम जबलपुर द्वारा भी लगातार जल स्त्रोतों की साफ-सफाई कराई जा रही है। आज इसी कड़ी में वरिष्ठ समाज सेवी लेखराज सिंह उर्फ मुन्ना भैया, उनके 125 सहयोगियों के साथ, क्षेत्रीय पार्षद प्रिया संजय तिवारी, पार्षद श्रीराम पटेल, जनप्रतिनिधियों श्रीमती निशा संजय राठौर, पंकज दुबे, अजय तिवारी, प्रिंसी जैन, मंडल अध्यक्ष प्रशांत दुबे, प्रणय गुप्ता, रत्नेश सैनी, भानु प्रताप सिंह ने संभाग क्रमांक 2 कछपुरा के अंतर्गत गंगासागर तालाब में सफाई अभियान चलाया गया। तालाब की जलकुंभी एवं कूड़ा करकट को साफ कर उठाया गया एवं गंगासागर के घाट की धुलाई एवं सफाई की गई। इस इस अभियान में पांच गाड़ी कचरा, जलीय वनस्पति उठवाई गई। इस दौरान नगर निगम से संभागीय अधिकारी दिनेश ठाकुर, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अनिल बारी, सी.एस.आई. विष्णुकांत दुबे, एस.आई. अनिता पांडेय, सुपरवै मूर्ति, बर्नवास, अप्पाराव, रवि एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में सफाई कार्य किया गया।

उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित अभियान को गति प्रदान करने निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के द्वारा भी लगातार क्षेत्रों का भ्रमण किया जा रहा है और 30 मार्च से शुभारंभ जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल स्त्रोतों का संरक्षण संवर्धन के लिए कार्य किये जा रहे हैं।

## हनुमान जी के जन्मोत्सव पर चिंतामणी हनुमान मंदिर में होगी भजन संध्या, महाआरती और भंडारा



जबलपुर। पाटन रोड स्थित सिग्नेचर पार्क में स्थापित चिंतामणी हनुमान मंदिर में 12 अप्रेल को हनुमान जी के जन्मोत्सव पर विभिन्न आयोजन होंगे। प्रात: मंगल अभिषेक, आरती पूजन के बाद सुबह 10 बजे से भंडारा होगा। वहीं शाम 7 बजे महाआरती होगी। इसके बाद भजन संध्या का आयोजनर्ा कया गया है। बता दें की 12 फीट ऊंचे हनुमान जी की प्रतिमा का निर्माण काले ग्रेनाइट पत्थर से किया गया है। जिसका विशेष महत्व है। मान्यता हैं क पूजन से हनुमान जी तो प्रसन्न होते ही है लेकिन शनिदेव की कृपा भी प्राप्त होती है। इस बार हनुमान जी का प्रकट उत्सव शनिवार को पड़ रहा है इसलिए काले हनुमान जी के पूजन का महत्व और भी अधिक बढ़ गया है एक ही पत्थर पर तारीश गई प्रतिमा का निर्माण कर्नाटक के बेंगलोर मेंर्ा कया गया है। प्रति मंगलवार एवं शनिवार को मंदिर में विशेष आयोजन होते हैं। मंदिर के पुजारी ने बताया कि हनुमान जी के जन्मोत्सव पर होने वाले कार्यक्रमों की व्यापक स्तर पर तैयारी की गई हैं

विद्युत सिग्नेचर में स्थापित हनुमान जी का यह विग्रह श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है मंगलवार शनिवार के अलावा भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां दर्शन करने पहुंचते हैं वैदिक आचार्य की मां ने तो तो काले हनुमान जी का पूजा जीव के लिए कल्याणकारी होता है और उसके सभी मनोरथ सफल होते हैं मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं से हनुमान जी की जन्म उत्सव पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित की अपील की है

## अवैध उत्ख नन पर 32.41 लाख रूपये की राशि अधिरोपित

जबलपुर- कलेक्टिर एवं जिला दंडाधिकारी श्री दीपक सक्सींना ने लम्हेमटाघाट में रात्रि के समय एक माह से डम्फ र एवं मशीन से मिट्टी के अवैध उत्खीनन पर लम्हेटाघाट निवासी श्री राजकुमार यादव पिता श्री बबलू यादव पर 1 हजार रूपये की प्रशमन राशि सहित 32 लाख 41 हजार अर्थदंड अधिरोपित किया है। जारी आदेश में उन्होंने कहा कि उक्तर राशि शासन के खाते में जमा कराई जाकर मूल चालान जिला खनिज अधिकारी को प्रस्तुात किया जाता है तो अनावेदक श्री राजकुमार यादव को प्रकरण से उन्मु क्तो माना जायेगा। यदि एक माह के भीतर अनावेदक श्री राजकुमार यादव द्वारा 32 लाख 41 हजार की राशि जमा नहीं कराई जाती है

## प्लेटफार्म नंबर 1 पर गायत्री परिवार द्वारा प्याऊ का उद्घाटन



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। ग्रीष्म काल में रेल यात्रियों की प्यास बुझाने के उद्देश्य से गायत्री परिवार, जबलपुर लगातार विगत कई वर्षों से प्लेटफार्म नंबर एक पर प्याऊ लगाकर यात्रियों को शीतल जल उपलब्ध करा रहा है। गायत्री परिवार के निष्ठावान कार्यकर्ता दिनभर इस कार्य में पूरे जोश के साथ यात्रियों को शीतल जल उपलब्ध करा रहे हैं। इस भीषण गर्मी में जब ट्रेन प्लेटफार्म पर आकर रूकती है और यात्रीगण अपनी प्यास बुझाने जल सेवा केंद्र में आते हैं तो वे शीतल जल प्राप्त कर सुख का अनुभव करते हैं ! प्याऊ पर जल के अलावा पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी के द्वारा रचित अखंड ज्योति युग निर्माण योजना पत्रिकाएं आदि भी निशुल्क यात्रियों को उपलब्ध कराई जा रही है ! श्री प्रेमशंकर तिवारी जी ने देव पूजन कर प्याऊ का शुभारंभ कराया। कार्यक्रम में श्री गोविंद यादव, श्री अनिल सिंधिया, श्री प्रेम नारायण बाथरे, श्री रज्जन बनाफर,अरुण बनाफर, श्री बी. एस. राजपूत, श्री राजेश श्रीवास्तव, अर्चना श्रीवास्तव , श्रीमती ज्योति श्रीवास्तव , श्री पी.एल सेन, श्री एच.एल. चड़ार, श्री दिलीप गुप्ता उपस्थित रहे।

## वित्तीय वर्ष 2024-25 में पश्चिम मध्य रेलवे को टिकट चैकिंग से 111 करोड़ का राजस्व प्राप्त

जबलपुर । पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक के मार्गदर्शन एवं प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक के निर्देशन पर तीनों मण्डलों में यात्री गाड़ियों एवं स्टेशनों पर समय-समय पर चलाए गए टिकट जांच अभियानों में बीते वित्तीय वर्ष के अप्रैल 2024 से मार्च 2025 तक कुल 17 लाख 43 हजार मामले पकड़े और अतिरिक्त किराया एवं जुर्माना सहित कुल 110 करोड़ 98 लाख रूपए का राजस्व अर्जित किया।

बीते वित्तीय वर्ष में मुख्यालय एवं मंडलों स्तर पर परफॉरमेंस इस प्रकार है-

मुख्यालय सीसीएम स्क्वाड द्वारा मुख्यालय के टिकट निरीक्षकों ने टिकिट जाँच अभियान से बिना टिकिट/अनबुक्ड लगेज/अनियमित टिकिट लेकर यात्रा करने वालों के विरुद्ध 37 हजार प्रकरण से रेलवे ने 2 करोड़ 15 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना यात्रियों से वसूल किया है। जबलपुर मण्डल के टिकट निरीक्षकों ने टिकिट जाँच अभियान से बिना टिकिट/अनबुक्ड लगेज/अनियमित टिकिट लेकर यात्रा करने वालों के विरुद्ध 6 लाख 82 हजार प्रकरण से रेलवे ने 47 करोड़ 15 लाख रुपये का जुर्माना यात्रियों से वसूल किया है।

भोपाल मण्डल के टिकट निरीक्षकों ने टिकिट जाँच अभियान से बिना टिकिट/अनबुक्ड लगेज/अनियमित टिकिट लेकर यात्रा करने वालों के विरुद्ध 6 लाख 32 हजार प्रकरण से रेलवे ने 37 करोड़ 56 लाख रुपये का जुर्माना यात्रियों से वसूल किया है।

कोटा मण्डल के टिकट निरीक्षकों ने टिकिट जाँच अभियान से बिना टिकिट/अनबुक्ड लगेज/अनियमित टिकिट लेकर यात्रा करने वालों के विरुद्ध 3 लाख 91 हजार प्रकरण से रेलवे ने 24 करोड़ 12 लाख रुपये का जुर्माना वसूल किया है।

रेल प्रशासन यात्रियों से अनुरोध करता है कि बिना टिकट यात्रा ना करें। उचित टिकट लेकर ही यात्रा करें, ताकि यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो। वाणिज्य विभाग एवं आरपीएफ के समनव्य से पश्चिम मध्य रेल यात्रियों को सुरक्षित यात्रा कराने के उद्येश्य से ट्रेनों में टिकट चैकिंग अभियान चालू वित्तीय वर्ष में भी चलाये जाते रहेंगे।

### पश्चिम मध्य रेल के इटारसी, जबलपुर, कटनी एवं सतना स्टेशनों पर ठहराव

## एलटीटी-छपरा-एलटीटी के मध्य सात-सात ट्रिप के लिए चलेगी स्पेशल ट्रेन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रेल प्रशासन द्वारा समर में यात्रियों की सुविधा के लिए अतिरिक्त यातायात क्लीयर करने के उद्देश्य से स्पेशल गाड़ी संख्या 01029/01030 लोकमान्य तिलकत टर्मिनस-छपरा-लोकमान्य तिलकत टर्मिनस के मध्य दो-दो ट्रिप साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह गाड़ी पमरे के इटारसी, जबलपुर, कटनी एवं सतना स्टेशनों से होकर गन्तव्य को जाएगी। स्पेशल ट्रेन की संक्षिप्त जानकारी निम्न है। गाड़ी संख्या 01029 एलटीटी से छपरा स्पेशल ट्रेन सात ट्रिप के लिए दिनांक 13 अप्रैल से 25 मई 2025 तक प्रत्येक रविवार को एलटीटी स्टेशन से रात 22:55 बजे प्रस्थान कर अगले दिन इटारसी दोपहर 13:05 बजे, जबलपुर सायं 17:00 बजे, कटनी रात 19:00 बजे, सतना 21:00 बजे पहुंचकर तीसरे दिन प्रयागराज छिवकी मध्य रात्रि 00:55 बजे और मंगलवार को दोपहर 13:15 बजे छपरा स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01030 छपरा से एलटीटी स्पेशल ट्रेन को सात ट्रिप के लिए दिनांक 15 अपरिल से 27 मई 2025 तक प्रत्येक मंगलवार को छपरा स्टेशन से रात 19:00 बजे प्रस्थान कर अगले दिन प्रयागराज छिवकी प्रात: 05:50 बजे, सतना सुबह 08:40 बजे, कटनी 10:05 बजे, जबलपुर दिन में 12:10 बजे, इटारसी सायं 17:00 बजे और गुरुवार सुबह 08:00 बजे एलटीटी स्टेशन पहुँचेगी। इस गाड़ी में 08 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 10 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी एवं 02 जनरेटर कार सहित कुल 20 एलएचबी कोच रहेंगे। रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में ठाणे, कल्याण, नासिक रोड, जलगांव, भुसावल, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, वाराणसी, जौनपुर, औंड़िहार जंक्शन, ग़ाज़ीपुर सिटी, एवं बलिया स्टेशनों पर रुकेगी। यात्रियों से अनुरोध है कि स्पेशल ट्रेन सेवा का लाभ उठाएँ। स्पेशल ट्रेन के समय एवं ठहराव की विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया पर जाएँ या ह्ळ्ठश्वस् ऐप डाउनलोड करें।

## मैक्स सुपर स्पेशियलिटी नागपुर के लिवर ट्रांसप्लाटं न्यूरोलॉजी एवं कार्डियोलॉजी विशेषज्ञों की एक्सक्लूसिव ओपीडी सुविधा अब मैक्स मेड सेंटर जबलपुर में



जबलपुर- मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटलए नागपुर ने जबलपुर स्थित मैक्स मेड सेंटर में कार्डियकए लिवर ट्रांसप्लांट और न्यूरोलॉजी के लिए अपनी विशेष मल्टी.स्पेशियलिटी ओपीडी सेवाएं शुरू करने की घोषणा की है। इस ओपीडी सेवा की शुरुआत मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटलए नागपुर के कार्डिएक सर्जरी विभाग के सीनियर कंसल्टंट डॉण् पुनीत जांडियालए जीआई और लिवर ट्रांसप्लांट विभाग के सर्जनए सीनियर कंसल्टंट डॉण् राजविलास नारखेडे और न्यूरो फिजिशियन एंड मूवमेंट डिसऑर्डर स्पेशलिस्ट डॉण् अभिषेक वांकर की उपस्थिति में की गई। डॉण् राजविलास नारखेडे और डॉण् अभिषेक वांकर हर महीने के दूसरे शुक्रवार को सुबह 11रू00 बजे से दोपहर 2रू00 बजे तक उपलब्ध रहेंगेए वहीं डॉण् पुनीत जांडियाल हर महीने के दूसरे शनिवार को सुबह 11रू00 बजे से दोपहर 2रू00 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटलए नागपुर के कार्डिएक सर्जरी विभाग के सीनियर कंसल्टंट डॉण् पुनीत जांडियाल ने कहाए श्अक्सर मरीज छाती में दर्दए भारीपनए ठंडीए पसीना जैसी शुरुआती लक्षणों को नजरअंदाज कर देते हैं। इस ओपीडी की शुरुआत हमारी एक और मरीज.केंद्रित पहल की शुरुवात हैए जिससे समय पर परामर्श और रोकथाम संबंधी देखभाल उपलब्ध होगी ताकि कोई भी स्वास्थ्य संबंधी चेतावनी भरे संकेत अनदेखे न हो। मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटलए नागपुर के जीआई और लिवर ट्रांसप्लांट सर्जन एवं सीनियर कंसल्टंट डॉण् राजविलास नारखेडे ने कहाए श्लिवर ट्रांसप्लांट और गैस्ट्रो सर्जरी एडवांस लिवर बिमारियो के लिए बहुत जरूरी हैं। खासकर रोबोटिक सर्जरी ने इस क्षेत्र में क्रांति लाई हैए जिससे लेस इंवेसिव;कम चीरे वाली सर्जरीद्ध तकनीकों द्वारा सर्जरी संभव होती हैए रिकवरी समय कम होता है और सर्जरी की सटीकता बढ़ती है। यह ओपीडी जबलपुर और आसपास के इलाकों में मरीजों के लिए एक्सपर्ट केयर को अधिक सुलभ बनाती हैं जिसमें रोबोटिक.सर्जरी भी शामिल है।श् डॉण् अभिषेक वांकरए कंसल्टंट एवं न्यूरो फिजिशियन एंड मूवमेंट डिसऑर्डर स्पेशलिस्टए मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटलए नागपुर ने कहाए श्यह ओपीडी मरीजों को विशेषज्ञ न्यूरोलॉजिकल परामर्श के माध्यम से सशक्त बनाने का प्रयास हैए जिससे वे हेल्थकेयर से जुड़े निर्णय सोच.समझकर ले सकें।

## एनएसई ने पार किया 22 करोड़ निवेशक खातों का आँकड़ा

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्य प्रदेश- नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया ने अप्रैल 2025 में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की, जब निवेशकों के कुल खाते यानि यूनिक क्लाइंट कोड्स (यूसीसी) की संख्या 22 करोड़ के पार पहुँच गई। खास बात यह रही कि अक्टूबर 2024 में 20 करोड़ के आँकड़े को पार करने के बाद सिर्फ छह महीनों में ही कंपनी तेज़ी से यह महत्वपूर्ण बढ़त हासिल करने में सफल रही है। वहीं, 31 मार्च, 2025 तक यूनिक रजिस्टर्ड निवेशकों की संख्या 11.3 करोड़ दर्ज की गई, जो कि 20 जनवरी, 2025 को ही 11 करोड़ का आँकड़ा पार कर चुकी थी।

एक निवेशक के कई ब्रोकर्स के साथ खाते हो सकते हैं, जिससे उसके नाम पर एक से अधिक क्लाइंट कोड हो सकते हैं। यदि राज्यों की बात करें, तो निवेशक खातों की संख्या के मामले में महाराष्ट्र सबसे आगे है, यहाँ कुल 3.8 करोड़ खाते हैं। इसके बाद उत्तर प्रदेश में 2.4 करोड़, गुजरात में 1.9 करोड़ और राजस्थान व पश्चिम बंगाल दोनों में प्रत्येक में 1.3 करोड़ निवेशक खाते दर्ज किए गए हैं। ये राज्य मिलकर कुल खातों का लगभग 49त्न हिस्सा बनाते हैं, जबकि शीर्ष 10 राज्य मिलकर लगभग तीन-चौथाई खातों में योगदान देते हैं।

बेंचमार्क निफ्टी 50 इंडेक्स ने पिछले पाँच वर्षों में औसतन 22त्न सालाना रिटर्न दिया है, जबकि निफ्टी 500 इंडेक्स ने 25त्न सालाना रिटर्न देकर इस अवधि में निवेशकों के लिए शानदार संपत्ति निर्माण दिखाया है। इसके साथ ही, एनएसई का इन्वेस्टर प्रोटेक्शन फंड (आईपीएफ) भी 31 मार्च, 2025 तक सालाना 23त्न की बढ़ोतरी के साथ 2,459 करोड़ रुपए तक पहुँच गया है।

## जिला पंचायत की सामान्यी सभा की बैठक संपन्न



जबलपुर- जिला पंचायत अध्याक्ष श्रीमती आशा मुकेश गोटिया की अध्यजक्षता में आज जिला पंचायत सभागार में सामान्या सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत के उपाध्यजक्ष सहित सदस्यर व विधायक प्रतिनिधि उपस्थित थे।

बैठक में अध्येक्ष एवं सदस्यों द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), आजीविका मिशन, लोक निर्माण विभाग, लोक स्वानस्येह यांत्रिकी विभाग, स्वावस्य् एवं परिवार कल्या(ण विभाग की समीक्षा की गई। विभागीय अधिकारियों द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यो का विस्तृणत विवरण प्रस्तुईत किया गया। सदस्यों द्वारा अवगत कराये जाने पर सीईओ जिला पंचायत श्री अभिषेक गहलोत द्वारा विभागीय अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्र में स्वाास्यय विभाग के अंतर्गत स्वाीस्य्लो केन्द्रा में दवाईयां एवं स्टा्फ की कमी को दुरूस्तओ करने के निर्देश दिये गये। आजीविका मिशन अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में दीदीओं को और अधिक सक्षम एवं सुदढ़ बनाने के निर्देश दिये गये। लोक निर्माण विभाग अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में सडकों को गुणवत्तोपूर्ण बनाये जाने एवं प्रगतिरत कार्यो का समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। साथ ही जल जीवन मिशन योजना को प्रभावी बनाकर पेयजल की समस्यास को हल करने के निर्देश दिये।




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना विजयनगर में आज दिनांक 10-4-25 को मयूर टांडिया उम्र 42 वर्ष निवासी तुआ घोघरा थाना धनौरा जिला सिवनी वर्तमान में कृषि उपज मंडी विजयनगर ने सूचना दी कि वह कृषि उपज मंडी विजयनगर में सुरक्षा गार्ड है आज रात लगभग 00-30 बजे देखा एक अज्ञात व्यक्ति हनुमान मंदिर के उपर पीपल के पेड़ में रस्सी से फांसी लगा लिया है। सूचना पर पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये अज्ञात मृतक उम्र लगभग 30 वर्ष की शिनाखतगी के प्रयास जारी हैं।

# बस्ती चलो अभियान अंतर्गत भाजपा ने किए सेवा कार्य

## प्रमुख नेताओ ने अलग अलग बस्तियों में पहुंचकर लिए करणीय कार्य





**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के कार्यक्रमों की श्रृंखला में बस्ती चलो अभियान अंतर्गत जबलपुर महानगर की विभिन्न बस्तियों में पहुंचकर भाजपा जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों ने सेवा कार्य किए साथ ही संगठन द्वारा तय करणीय कार्य को संपादित किया।

भाजपा जिला अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर ने बताया संगठन ने तय किया कि बस्ती चलो अभियान के अंतर्गत प्रमुख नेता, जनप्रतिनिधि, पार्टी के मंडल अध्यक्ष से ऊपर के सभी पदाधिकारी तीन दिनों तक प्रतिदिन एक बस्ती में जायेंगे और 8 घंटे का समय बस्ती में देंगे इसी कार्यक्रम के निमित्त बस्तियों में पहुंचकर हमारे नेताओ और पदाधिकारियों ने मंदिरो एवं जल स्त्रोतों में स्वच्छता अभियान, आंगनबाड़ी ने निरीक्षण, बूथों की बैठक, क्षेत्र के प्रमुख जनों से भेंट, जन चौपाल, मीसा बंदियों का सम्मान जैसे कार्य किए।

बस्ती चलो अभियान में सांसद श्री आशीष दुबे विवेकानंद वार्ड में, जिला अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर ने दुर्गा चौक सुभाष वार्ड में, प्रदेश कोषाध्यक्ष श्री अखिलेश जैन ने जवाहरगंज वार्ड में, विधायक श्री अशोक रोहाणी ने केंटोमेंट वार्ड 01 एवं 08 में, पूर्व जिला अध्यक्ष श्री जीएस ठाकुर ने गोरखपुर क्षेत्र में, श्री प्रभात साहू ने विवेकानंद वार्ड की बस्ती में, पूर्व महापौर श्री सदानंद गोड़बोले ने पटेल बस्ती में, महामंत्री श्री पंकज दुबे ने मदनमहल वार्ड में, रजनीश यादव ने दुर्गानगर बस्ती में,श्री राममूर्ति मिश्रा ने तिलवराघाट में, श्री अरविंद पाठक ने दुर्गानगर शंकरशाह वार्ड में, पहुंचकर करणीय कार्य किए। इसी के साथ सभी जिला पदाधिकारियों ने बस्तियों में पहुंचकर करणीय कार्य किए।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष संतोष यादव, शैलेंद्र विश्वकर्मा, प्रशांत दुबे, प्रणय गुप्ता, नरेश पटेल, पुष्पराज सेंगर, अमित राय, योगेश लोखंडे, आशीष राव, ऋषि सोनकर, राहुल रजक सपन यादव, पुष्पराज पांडे, योगेश बिलौहा, जाग्रति शुक्ला के साथ मंडल पदाधिकारी, पार्षद एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आई.पी.एल.क्रिकेट का सट्टा खिलाते सटोरिया गिरफ्तार एक मोबाईल, एक लैपटाप जप्त

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना प्रभारी गोहलपुर श्रीमती प्रतीक्षा मार्को ने बताया कि दिनॉक 10-4-25 को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली की एक व्यक्ति काली टीशर्ट पहने लेपटाप लिये हुये रेयान स्कूल के पास पुल के ऊपर बैठकर लेपटाप में आरसीबी विरूद्ध दिल्ली के आईपीएल क्रिकेट मैच पर हारजीत का दाव लगवाकर सट्टा खिलवा कर अवैध लाभ अर्जित कर रहा है सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई, मुखबिर के बताये हुलिये का व्यक्ति लेपटाप लिये ईट की पट्टी पर बैठा मिला जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया जिसने पूछताछ पर अपना नाम पंकज धुर्वे उम्र 35 वर्ष निवासी त्रिमूर्तिनगर गोहलपुर बताते हुये लेपटाप में एलटी 777 एप पर आरसीबी एवं दिल्ली केपिटल के बीच चल रहे आईपीएल क्रिकेट मैच में टीम की हारजीत पर रूपये पैसों का दांव लगवाकर सट्टा खिलाना तथा हिसाब किताब करना स्वीकार किया जिसके कब्जे में रखे लेपटाप को चैक करने पर एलटी 777 एप चालू मिला जिस पर आरोपी की यूजर आईडी ठचदा25 खुली हुयी थी जिस पर 1010ठींतजए 1010डंदवर एवं अन्य यूजर आईडियों से सट्टा खेला जा रहा था आरोपी ने उक्त आईडियों के धारकों को सट्टा खिलवाना स्वीकार किया। एप पर आईडी धारकों की आईडी एवं प्वाइंटस तथा पैसों का लेखा जोखा था तथा यूआरएल पज777ण्बवध्ंकउपदध्ंबजपअमनेमते है । आरोपी के कब्जे से एक एसर कम्पनी का लेपटाप एवं सेमसंग कम्पनी का मोबाइल जप्त करते हुये आरोपी कि विरूद्ध धारा 4(क) सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

उल्लेखनीय भूमिका- सटोरिये को पकड़ने में उप निरीक्षक अम्बुज पांडे, प्रधान आरक्षक राजा भैया, आरक्षक अंकुर, अमित, हरेन्द्र, महिला आरक्षक पूनम कुशवाहा की सराहनीय भूमिका रही।

थाना गोराबजार में रात्रि में श्रीमती पूनम कलसा उम्र 32 वर्ष निवासी भानतलैया बकरा मार्केट ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 10-4-25 को भानतलैया से अपने मायके चेतना मैदान अपनी एक्सिस से अपने तीनों बच्चों को बिठाकर दोपहर लगभग 3 बजे मायके जा रही थी जैसे ही डाक्टर सुलखिया क्लीनिक के आगे पहुॅंची तभी चेतना मैदान की ओर से आ रही स्कार्पियो क्रमांक एमपी 20 जेड एफ9914 का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये उसके पैर में टक्कर मार दिया जिससे उसे चोट आयी है। रिपोर्ट पर धारा 281, 125 ए बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# शराब पीने के लिये रूपये की मांग कर मारपीट करने वाले आरोपियों की तलाश

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना लार्डगंज में देर रात आदित्य मिश्रा उम्र 30 वर्ष निवासी लार्डगंज थाना के पीछे ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह वन विभाग में बरेला उत्पादन वन परिक्षेत्र में वन रक्षक के पद पर पदस्थ है दिनांक 8-4-25 को तीन दिन की छुट्टी लेकर अपने घर जबलपुर आया था दिनांक 10-4-25 को रात लगभग 9-30 बजे अपनी मोटर सायकल से रानीताल पेट्रोल पम्प से पेट्रोल भरवाकर मालवीय चौक तरफ आ रहा था महाराष्ट्र हाई स्कूल के सामने खड़ा हुआ तभी सुजुकी एक्सिस क्रमांक एमपी 20 जेड टी में 2 लड़के आये और उसे गाली गलौज करते हुये शराब पीने के लिये 500 रूपये मांगने लगे, उसने रूपये देने से मना किया तो एक लडके ने उसे पकड़ लिया और दूसरे लड़के ने चाकू से हमलाकर कंधा के नीचे चोट पहुॅंचा दी तथा जान से मारने की धमकी देते हुये एक्सिस से भाग गये। रिपोर्ट पर धारा 296, 118(1), 119(1), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना गोरखपुर में रात अजय कुमार गुप्ता उम्र 38 वर्ष निवासी हाथीताल कालोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह फुटपाथ पर सब्जी का ठेला लगाकर व्यापार करता है दिंनाक 10-4-25 को रात लगभग 9 बजे पोस्ट आफिस के पास हाथीताल में अपना ठेला लगाया था तभी सनी गुप्ता एवं गगन भटरा का भाई आकर उससे शराब पीने के लिये एक हजार रूपये मांगने लगे, उसने रूपये देने से मना किया तो सनी ने लाठी से हमलाकर वायें पैर की ऐड़ी में चोट पहुॅंचा दी गगन के भाई ने हाथ मुक्कों से मारपीट की तथा सब्जियां बिखेर दीं तथा दोनों गाली गलोज करते हुये जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 119(1), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना अधारताल में पियूष केवट उम्र 19 वर्ष निवासी कटरा गणेश चौक ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि एलएडी का काम करता है दिनांक 10-4-25 को रात लगभग 10-40 बजे अधारताल चौपाटी में चाट खाने अपने दोस्त अभिनव बर्मन के साथ आया था जहां पर अनुज ठाकुर, सम्मान पटैल मिले जो शराब पीने के लिये उससे 500 रूपये

## चिलचिलाती धूप से आम नागरिकों को राहत प्रदान करने निगमायुक्त की पहल

# शहर के प्रमुख चौराहों पर डिफोगर मशीन प्रतिदिन चलाई जायेगी - निगमायुक्त प्रीति यादव

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )** शहर के नागरिकों को चिलचिलाती धूप से राहत प्रदान करने निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने पहल शुरू की है। निगमायुक्त श्रीमती यादव ने बताया कि भीषण गर्मी और धूप को देखते हुए इस मौसम में चिलचिलाती धूप एवं डस्ट से आम नागरिकों, राहगीरों को राहत प्रदान करने की दिशा में पहल शुरू की गई है। उन्होंने शहर के प्रमुख चौराहों पर डिफोगर मशीन लगवाई है, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से कुछ राहत प्रदान की जा सके।



उपायुक्त संभव अयाची एवं स्वास्थ्य अधिकारी संदीप जायसवाल ने बताया कि निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशन में शहर के विभिन्न चौराहों जिसमें तीन पत्ती, ब्लूम चौक, छोटीलाइन चौराहा, मालवीय चौक प्रमुख चौराहों में लोगो को राहत प्रदान करने के लिए निगम द्वारा ख़रीदी गई डिफ़ोगर मशीन प्रतिदिन दोपहर के समय में चलायी जायेगी जिससे लोगो को इस चिलचिलाती धूप से कुछ राहत मिल सकेगी। उन्होंने ने बताया कि निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव की इस पहल की लोगों द्वारा सराहना की जा रही है और बहुत पसंद भी किया जा रहा है साथ ही आम जानता द्वारा निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव को धन्यवाद भी दिया गया। डिफोगर मशीन संचालन के दौरान सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अर्जुन यादव एवं अन्य स्वास्थ्य अमला भी उपस्थित रहे।

## 22 नग नशीले इंजैक्शन एवं जुपिटर जप्त

# नशीले इंजैक्शन के कारोबार में लिप्त फरार आरोपी

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना प्रभारी लार्डगंज श्री हरिकिशन आटनेरे ने बताया कि दिनॉक 10-04-2025 के रात्रि में भ्रमण के दौरान के आगाचौक सुलभ काम्पलेक्श के पास बल्देवबाग चौक की ओर से आगा चौक तरफ आ रही जुपिटर क्रमांक एमपी 20 एस यू 4933 का चालक स्कूटर को रोड़ किनारे चलााते हुये आया एवं पुलिस को देखकर स्कूटर को वापस मोड़कर पुनः बल्देवबाग चौक की ओर भागने हेतु मोड़ा, तो अनियंत्रित होकर जूपिटर रोड किनारे बनी नाली में चली गयी जुपिटर का चालक जुपिटर छोड़कर दौड़ लगाकर बल्देवबाग चौक तरफ भाग गया, जूपिटर की डिग्गी खोलकर चैक करने पर सफेद रंग की कपड़े की थैली में 11 नग एविल फेनिरामाईन मैलेट इंजैक्शन एवं 11 नग एम्पुल बुप्रेनोरफिन के रखे मिले। उक्त नशीले इंजेक्शन जुपिटर सहित जप्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध धारा 5/13 म.प्र.ड्रग कन्ट्रोल एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये आरोपी की तलाशी जारी है।

# एमपी ट्रांसको ने हादसे का कारण बने भवन का अनाधिकृत निर्माण तोड़ा

जबलपुर। मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांस्को ) की एक्स्ट्रा हाई टेंशन लाइन के समीप के उस निर्माण को आज एमपी ट्रांसको के अधिकारियों की उपस्थिति में तोड़ा गया ,जिसके कारण कल सुहागी सरस्वती कॉलोनी टी आई बंगले के पास एक हादसे में निर्माण कार्य कर रहा मिस्त्री गंभीर रूप से घायल हो गया था। एम पी ट्रांसको के मुख्य अभियंता श्री संदीप गायकवाड ने बताया कि एक्स्ट्रा हाई टेंशन लाइनों के समीप व लाइनों के इंडक्शन जोन में बने अनाधिकृत निर्माण के कारण हादसे की आशंका रोकने व मानव जीवन को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से आज इस निर्माण को तोड़ा गया। उन्होंने कहा कि इस तरह के असुरक्षित निर्माण न करने के लिए मकान मालिक को समझाइश दी गई और उन्हें बताया गया कि ट्रांसमिशन लाइनों के समीप निर्माण करने के क्या-क्या खतरे हैं?



* मुख्य अभियंता श्री गायकवाड़ ने बताया कि जबलपुर में ऐसे चिन्हित लगभग 150 स्थानों के निर्माण ,जो मानव जीवन के लिए घातक और असुरक्षित है और जहां पर अनाधिकृत निर्माण पाया गया है उन लोगों को करीब 600 नोटिस विगत वर्षों में जारी किये गए हैं।

हादसों के लिए अति संवेदनशील इन क्षेत्रों के मकान मालिकों को पूर्व में भी नोटिस जारी किये गए हैं। अब उन्हें पुनः नोटिस देने के साथ व्यक्तिगत स्तर पर भी समझाइश दी जा रही है। इसके अलावा मुनादी करवा कर सचेत भी किया जा रहा है ताकि ट्रांसमिशन लाइनों के समीप निर्माण के खतरों से वो अवगत हो सकें। यदि समझाइश के बाद भी मकान मालिकों द्वारा ये निर्माण नहीं तोड़े गए तो एमपी ट्रांसको, प्रशासन की मदद से आवश्यक कार्रवाई करेगा। अनाधिकृत निर्माण को तोड़ने की कार्रवाई में एमपी ट्रांसको के अधीक्षण अभियंता श्री अनिल लाठी,कार्यपालन अभियंता श्री एपीएस चौहान एवं सहायक अभियंता श्री जितेंद्र तिवारी सहित अन्य शामिल रहे, जिन्होने पूरी सजगता और सतर्कता से मानव जीवन के लिए घातक इस निर्माण को तुड़वाकर उनका जीवन सुरक्षित किया।

### धोखाधडी करने वाला फरार मैनेजर पुलिस गिरफ्त में

जबलपुर। थाना माढोताल में रविन्द्र तोमर पिता खूबचन्द्र तोमर उम्र 34 वर्ष निवासी सकार उदय तुलसी नगर थाना कोतवाली ने शिकायत की थी कि आर.के. कंसलटेन्सी एण्ड कान्टेक्ट्र एवं

## कार्यालय नगर पालिक निगम,जबलपुर

पत्र क्रं./बा.वि./2025/30 दिनांक 11/04/2025

**दुकान नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री अंकित अग्रवाल, पिता- स्व. श्री किशन लाल अग्रवाल** द्वारा **आवेदन पत्र,एवं विक्रय पंजीयन पत्र** के आधार पर निगम स्वामित्व की **गोहलपुर लेमा गार्डन मार्केट दुकान क्रं. 21 में** नया अनुज्ञप्तिधारी के रूप पर नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया हैं। जिस किसी को उक्त नामान्तरण पर आपत्ति हो तो वे इस सूचना प्रकाशन की तिथि से **15 दिवस में कार्यालय बाजार अधीक्षक, कमरा नं.57 नगर निगम जबलपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

**बाजार अधीक्षक**
**नगर निगम जबलपुर**

## सड़क दुर्घटना

जबलपुर। थाना पनागर में मयूर केशरवानी उम्र 26 वर्ष निवासी गल्ला बजार विद्यासागर वार्ड ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह मोबाइल सुधारने का काम करता है उसका दोस्त संजीव कुमार उर्फ बाबी उससे मिलने पनागर आया था और मिलने के बाद संजीव कुमार उर्फबाबी , संजय उर्फसंजू बर्मन को अपनी स्कूटी क्रमांक एमपी 20 एस जेड 0855 से तथा वह अपनी मोटर सायकल से इमरिया जा रहे थे शाम लगभग 7 बजे हम लोग परियट नहर के पास मेन रोड पहुॅंचे तभी पीछे से आ रही मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 जेड पी 5457 का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये संजीव कुमार की मोटर सायकल में टक्कर मार दिया जिससे संजीव कुमार एवं संजय बर्मन गिर गये दोनों के हाथ पैर एवं शरीर में चोटें आयीं हैं दोनों घायलों को उपचार हेतु प्राईम हेल्थ केयर अस्पताल में भर्ती कराया है।

### नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 06
2025-2026 दिनांक 09/04/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्रीमती अर्चना कटारे, पति- श्री संतोष कटारे** खसरा क्रंमाक 260 का भाग, पी.नं. 65,66 में से पी- 66 संपति कर/ पिन नं. 1000432745 जलकर पिन नं. ......, पर **विक्रेतागण/पंजीकृत गृहस्वामी** - श्रीमती उषा दुबे, पति- श्री उमाशंकर दुबे, **वार्ड निर्मलचंद जैन वार्ड**, निर्मित क्षेत्रफल 1600 व.फु., विक्रय प्लाट का रकवा 800 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-7,अधारताल**
**नगर निगम जबलपुर**

### नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 05
2025-2026 दिनांक 08/04/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्री देवेन्द्र कुमार यादव, पिता- बालकृष्ण यादव** भवन क्रमांक पी.न. 25/के.एस.नं. 45,46/2 का भाग संपत्ति कर/ पिन नं. 1000359382 जलकर पिन नं. ......, पर **विक्रेतागण/पंजीकृत गृहस्वामी** -श्री रामदयाल प्रजापति/ जे.एल. प्रजापति **वार्ड महर्षि महेश योगी वार्ड** , निर्मित भूतल 800 व.फु. आर.सी.सी., प्रथमतल 735 व.फु. आर.सी.सी., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-7,अधारताल**
**नगर निगम जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि/09/2025-26/ एम/722/ दिनांक 11.04.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री राकेश केवट, पिता- स्व. श्री इन्द्रजीत केवट,** ने मकान नं. 456 पिन नं............**वार्ड पं. द्वारका प्रसाद मिश्र वार्ड** , भूतल आर.सी.सी. 390 व.फु., आर.सी.सी. 120 व.फु. व्यवसाय किराये से, **शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, बटवारानामा** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 456 शुक्ला होटल के पास पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-09 लालमाटी**
**नगर निगम जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि/09/2025-26/ एम/721/ दिनांक 11.04.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री राममिलन केवट, पिता- स्व. श्री बद्री प्रसाद केवट,** ने मकान नं. 456 पिन नं.1000464634 **वार्ड पं. द्वारका प्रसाद मिश्र वार्ड** , भूतल आर.सी.सी. 338 व.फु., आर.सी.सी. 140 व.फु. व्यवसाय किराये से, प्रथमतल आर.सी.सी. 338 व.फु., **शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, बटवारानामा** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 456 शुक्ला होटल के पास पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-09 लालमाटी**
**नगर निगम जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि/09/2025-26/ एम/720/ दिनांक 11.04.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती राधा केवट, पति- स्व. श्री शारदा प्रसाद केवट** ने मकान नं. 456 पिन नं............. **वार्ड पं. द्वारका प्रसाद मिश्र वार्ड** , भूतल आर.सी.सी. 390 व.फु., आर.सी.सी. 160 व.फु. व्यवसाय किराये से, **शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, बटवारानामा** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 456 शुक्ला होटल के पास पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-09 लालमाटी**
**नगर निगम जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-16, नगर निगम जबलपुर

क्रं.सं.अधि/राजस्व./ सं.क्र.16/ 2024-25/ एम....... दिनांक- 28.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती परवीन बानो, पति- महमूद** ने पिन नं. 1000442587 भवन क्रमांक 3162-3165 तालिब शाह चौक हब्बू चक्की के सामने **वार्ड क्र. 51 वार्ड रवीन्द्रनाथ टैगोर वार्ड,** भूतल 400 व.फु. स्वयं रहवास, आंशिक कच्चा व सीमेंट सीट छत युक्त भवन,, **अपंजीकृत वसीयतनामा, शपथपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक 3162- 3165 पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-16** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-16**
**नगर निगम जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-08,भानतलैया नगर निगम जबलपुर

क्रं.सं.अधि/08/भान./2024-25/.... दिनांक- 28.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री भारत भूषण नेमा, पिता- स्व. श्री छोटे लाल नेमा** ने भवन/ क्रमांक 948 गली क्रं. 01 बाई का बगीचा **वार्ड शीतला माई वार्ड,** सम्पत्ति पिन. नं. 1000465653 भूतल 630 व.फु. पक्का, प्रथमतल 280 व.फु. पक्का, **माता-पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र, राजस्व विभाग की कौती आदि,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 948 पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-08 भानतलैया** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-08 भानतलैया**
**नगर निगम जबलपुर**

स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुंआ जबलपुर से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख श्री विलक्षण सक्सेना, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999